संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, रविवार, 11 फरवरी 2024 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पूर्व उप प्रधानमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें सर्वोच्च उपाधि भारत रत्न मिलने पर बधाई दी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 15 अंकः 41 पृष्ठः 08 RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com उत्तराखण्ड संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## हल्द्वानी हिंसाः उपद्रवियों को पकड़ने की कार्रवाई जारी

**टीम एक्शन इंडिया/हल्द्वानी**

**हल्द्वानी हिंसा में बदायूं के युवक** की भी हुई थी मौत

हल्द्वानी में हुए बवाल में बदायूं के सहसवान कस्बे के एक युवक की भी मौत हुई है। उसके सिर में गोली लगी थी। उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को उसके परिवार वालों ने शव को चुपचाप लाकर दफन कर दिया।

**पांच लिए गए हिरासत में:** हल्द्वानी के बनभूलपुरा हिंसा मामले में पुलिस ने वीडियो, सीसीटीवी फुटेज, फोटो से उपद्रवियों की तलाश कर रही है। इन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है।

**वीडियो, सीसीटीवी फुटेज, फोटो से उपद्रवियों की तलाशः** अमर उजाला से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस से चूक हुई है। तभी इतनी बड़ी घटना घटित है। पुलिस वीडियो, सीसीटीवी फुटेज, फोटो से उपद्रवियों की तलाश कर रही है। इन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**मुख्य सचिव के साथ डीजीपी ने किया निरीक्षणः** शुक्रवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी के साथ डीजीपी अभिनव कुमार ने बनभूलपुरा थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस सुनियोजित तरीके से थाना फूंका गया। वाहन फूंके गए। पुलिस पर पथराव किया गया, उससे साफ है कि इसके पीछे बड़ी साजिश रची गई है।

**उपद्रवियों पर लगाया जाएगा यूएपीए और एनएसएः** डीजीपी अभिनव कुमार ने कहा कि उपद्रवियों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस चुन-चुनकर इनके खिलाफ यूएपीए और एनएसए के तहत कार्रवाई करेगी। जिस तरह से घटना को अंजाम दिया गया, वह साजिश की ओर इशारा कर रहा है। कहा कि इसकी जांच की जाएगी।

**हिंसा की होगी मजिस्ट्रीयल जांचः** हल्द्वानी के बनभूलपुरा थाना इलाके में हुई हिंसा की घटना की मजिस्ट्रीयल जांच होगी। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को थाना बनभूलपुरा, हल्द्वानी और निकटवर्ती इलाकों में हुई हिंसात्मक घटना की मजिस्ट्रियल जांच के लिए जांच अधिकारी नामित किया गया है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने निर्देश पर मंडलायुक्त दीपक रावत मजिस्ट्रीयल जांच करेंगे। कुमाऊं आयुक्त को 15 दिनों के भीतर घटना की निष्पक्ष जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## 'पांच साल रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के रहे'

### यह बहुत कम होता है कि सुधार हों, काम हों और हम बदलाव को अपनी आंखों के सामने होता हुआ देखेंः पीएम

**बजट सत्र**

8 हमें विकास कार्यो को आगे बढ़ाना है। चुनाव बहुत दूर नहीं है। यह लोकतंत्र का आवश्यक पहलू है : मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**संसद के ब**जट सत्र के अंतिम दिन लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये पांच वर्ष देश में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के रहे। यह बहुत कम होता है कि सुधार हों, काम हों और हम बदलाव को अपनी आंखों के सामने होता हुआ देखें। सत्रहवीं लोकसभा के माध्यम से आज देश अनुभव कर रहा है और मुझे भरोसा है कि देश सत्रहवीं लोकसभा को जरूरत आशीर्वाद देता रहेगा। अध्यक्ष जी, कभी-कभी सुमित्रा जी हास्य करती थीं, लेकिन आपका चेहरा हमेशा मुस्कराता हुआ रहता है। अनेक परिस्थितियों में आपने संतुलित भाव से इस सदन का मार्गदर्शन और नेतृत्व किया। मैं आपकी प्रशंसा करता हूं।

पीएम मोदी ने कहा, आक्रोश और आरोप के पल आए, लेकिन आपने पूरे धैर्य के साथ पूरी स्थितियों को सूझबूझ के साथ संभाला और सदन को चलाया। इसके लिए भी मैं आपका आभारी हूं। इस पांच वर्ष में इस सदी का सबसे बड़ा संकट पूरी मानव जाति ने झेला। कौन बचेगा, कौन बच पाएगा, कोई किसी को बचा सकता है या नहीं... ऐसी वो अवस्था थी। ऐसे में सदन में आना भी संकट का काम था। देश के काम को आपने रुकने नहीं दिया। सदन की गरिमा भी बनी रहे और देश के आवश्यक कामों को जो गति देनी चाहिए, वो भी बनी रहे, इस काम में सदन की जो भूमिका है, वह पीछे न रहे। इसे आपने कुशलता से संभाला।

माननीय सांसदों का भी आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि उस कालखंड में देश की स्थिति को देखते हुए सांसद निधि छोड़ने का प्रस्ताव रखा गया। जब प्रस्ताव आया तो सभी सांसदों ने इसे एकमत से स्वीकारा। देशवासियों को सकारात्मक संदेश देने के लिए और समाज को विश्वास देने के लिए सांसदों ने अपने वेतन में तीस फीसदी कटौती का निर्णय किया। हम सभी सांसद बिना हिंदुस्तान के मीडिया में गाली खाते रहते थे कि बाहर इतने में खाना मिलता है और संसद की कैंटीन में इतना सस्ता मिलता है।

आपने निर्णय किया कि सभी के लिए कैंटीन में समान रेट होंगे। सांसदों की फजीहत और मजे लेने वालों से आपने हमें बचा लिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। संसद का नया भवन होना चाहिए, इसकी सभी ने चर्चा की। लेकिन ये आपका नेतृत्व है, जिसने इस काम को आगे बढ़ाया। उसी का परिणाम है कि आज देश को नया संसद भवन प्राप्त हुआ है। संसद के नए भवन में विरासत का अंश और आजादी के पहले पल को जीवंत रखने के लिए सेंगोल रखने का काम हुआ।

### चुनौतियों से आनंद मिलता हैः मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने 17वीं लोकसभा के अंतिम कार्यदिवस बीते पांच साल के कार्यकाल में हुए कामकाज और सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बुलंद हौसले का संकेत देते हुए कहा कि वे चुनौतियों का आनंद लेते हैं। पीएम मोदी ने कहा, हमें विकास कार्यो को आगे बढ़ाना है। चुनाव बहुत दूर नहीं है। यह लोकतंत्र का आवश्यक पहलू है। हम सब इसे गर्व से स्वीकार करते हैं। हमारा लोकतंत्र पूरे विश्व को अचंभित कर रहा है। मुझे विश्वास है यह ऐसे ही बना रहेगा। मुझ पर तो परमात्मा की कृपा रही है कि जब मुझ पर चुनौती आती है तो मैं ज्यादा निखरता हूं। हम हर चुनौतियों का सामना कर पाए हैं।

## इंग्लैंड के खिलाफ बाकी तीन टेस्ट के लिए टीम घोषित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**इंग्लैंड** के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के बाकी बचे हुए मुकाबलों के लिए भारतीय टीम घोषित हो गई है। दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली सीरीज से पूरी तरह बाहर हो गए हैं। वह पारिवारिक कारणों से शुरूआती दो टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। बाकी बचे हुए मुकाबलों के लिए तेज गेंदबाज आकाश दीप सिंह को शामिल किया गया है। राजकोट में सीरीज का तीसरा मुकाबला खेला जाएगा। भारत और इंग्लैंड की टीमें अब तक हुए दो टेस्ट में 1-1 की बराबरी पर हैं। बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा, "विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से सीरीज के बाकी बचे मैचों में चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। बोर्ड कोहली के फैसले का पूरा सम्मान और समर्थन करता है।" टीम में रवींद्र जडेजा और केएल राहुल को चुना गया है। दोनों चोटिल हो गए थे और दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। चयन के बावजूद उनका खेलना तय नहीं है।

## 'लोकसभा चुनाव से पहले ही लागू हो जाएगा सीएए'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री नरें**द्र मोदी के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा को 300 से ज्यादा सीट मिलेंगी। जबकि, राजग (एनडीए) 400 से ज्यादा सीट हासिल करेगा। आम चुनाव के नतीजों पर कोई संशय की स्थिति नहीं है। यहां तक कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को भी अहसास हो गया है कि उन्हें फिर से विपक्ष में बैठना होगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ये बातें शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहीं।

**'जनता से मिलेगा 370 सीटों का आशीर्वाद':** शाह ने कहा, हमने संविधान के अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को खत्म कर दिया, पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देता था। इसलिए, हमें भरोसा है कि देश के लोग भाजपा को 370 सीटों और एनडीए को 400 से अधिक सीटों का आशीर्वाद देंगे।

कार्यक्रम के दौरान उनसे राष्ट्रीय लोकदल (रालोद), शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और कुछ अन्य क्षेत्रीय दलों के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल होने की संभावना के बारे में पूछा गया। इस पर गृहमंत्री ने कहा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) परिवार नियोजन में भरोसा करती है, लेकिन राजनीति में नहीं।

शिअद के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, बातचीत चल रही है, लेकिन अभी कुछ भी तय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, 2024 का चुनाव एनडीए और विपक्षी गठबंधन के बीच नहीं, बल्कि विकास और केवल नारे देने वालों के बीच होगा।

## प्रभु के चरणों में विलीन हुई डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री

### हिमाचल के डिप्टी सीएम की पत्नी को हार्ट अटैक, अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में तोड़ा दम, पति व बेटी ने दी मुखाग्नि











**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की पत्नी डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री का हार्ट अटैक की वजह से शुक्रवार 9 फरवरी की देर रात मौत हो गई। इस बात की जानकारी खुद मुकेश अग्निहोत्री ने अपने अपने फेसबुक पोस्ट के जरिए दी है। रिपोर्ट्स की मानें, तो सिम्मी अग्निहोत्री को हार्ट अटैक आया था। इसके बाद उन्हें चंडीगढ़ पीजीआई ले जाया जा रहा था कि तब तक रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

**प्रभु के चरणों में विलीन हो गई हैं सिम्मी अग्निहोत्रीः** इस दुखद घटना की जानकारी देते हुए मुकेश अग्निहोत्री ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा, 'अत्यंत दुखी हृदय से सूचित कर रहा हूं कि प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री अब इस दुनिया में नहीं रहीं। वे इस नश्वर संसार को छोड़ प्रभु के चरणों में विलीन हो गई हैं। उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए हमारे पैतृक गांव गोंदपुर जयचंद स्थित निजी निवास आस्था कुंज में दोपहर 1 बजे तक रखा जाएगा। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 10 फरवरी को दोपहर 2 बजे मोक्ष धाम गोंदपुर जयचंद में किया जाएगा। ऊं शांति ऊं।'

**बेटी आस्था अग्निहोत्री ने मां की चिता को मुखाग्नि दीः** सिम्मी अग्निहोत्री के निधन की खबर मिलते ही सीएम सहित हिमाचल प्रदेश सरकार की कैबिनेट के तमाम सदस्य और सत्ता और विपक्ष के अनेकों विधायक भी मुकेश अग्निहोत्री को सांत्वना देने के लिए पहुंचे। मुकेश अग्निहोत्री ने अपने जीवनसाथी को नम आंखों के साथ अंतिम विदाई दी और उनके अंतिम संस्कार की सभी क्रियाओं को खुद सिर पर तेड़ बांधकर पूरा किया। वही बेटी आस्था अग्निहोत्री ने भी अपनी मां की अर्थी को कंधा दिया। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी सिम्मी अग्निहोत्री की पार्थिव देह को मुकेश अग्निहोत्री के साथ मिलकर कंधा दिया।

**इन्होंने भी व्यक्त किया शोकः** कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालते हुए लिखा, 'हिमाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी डॉक्टर सिमी अग्निहोत्री के निधन के बारे में जानकर हम स्तब्ध है, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और उनके परिवारजन को इस दुःख की घड़ी में सहनशक्ति दें।' वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी शोक व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, 'उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री जी की धर्मपत्नी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री जी के निधन की खबर अत्यंत दुःखद है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा मुकेश जी एवं शोकग्रस्त परिवारजनों को संबल प्रदान करें।'

**12 फरवरी को रखा था माता का जागरणः** कुछ रिपोर्ट्स की मानें, तो 12 फरवरी को सिम्मी अग्निहोत्री ने कोहरोली क्षेत्र में बाथू में माता का जागरण रखा था। इसकी तैयारियां वे खुद कर रही थीं।

### सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दुख जताया

**मुकेश** अग्निहोत्री की पत्नी प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर हिमाचल के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गहरा दुख जताया है। सीएम ने शोक व्यक्त करते हुए कहा- उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री जी की धर्मपत्नी सिम्मी अग्निहोत्री जी के निधन की सूचना एक वज्रपात से कम नहीं है। इस दु:खद समाचार से मैं बहुत व्यथित हूँ। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि वह दिवंगत आत्मा को स्वर्ग में स्थान दे व परिवार जनों और परिजनों को इस दारुण दु:ख को सहने की शक्ति दें। ॐ शान्ति।

**1992 में हुई थी मुकेश और सिम्मी अग्निहोत्री की शादी :** मुकेश अग्निहोत्री और सिम्मी अग्निहोत्री की शादी 8 अप्रैल 1992 को हुई थी। सिम्मी अग्निहोत्री हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी के लॉ डिपार्टमेंट में प्रोफेसर थीं। राजनीति में पति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री कई राजनीतिक कार्यक्रमों में मुकेश अग्निहोत्री के साथ नजर आती थीं। उन्होंने 12 फरवरी को माता का जागरण रखा था।







### दो दिन पहले नीदरलैंड से आई थी बेटी आस्था

**सिम्मी** अग्निहोत्री की बेटी आस्था अग्निहोत्री भी जागरण में शामिल होने के लिए दो दिन पहले ही नीदरलैंड से वापस घर आ गई थीं। बता दें कि सिम्मी अग्निहोत्री हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी के पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट में बतौर प्रोफेसर तैनात थीं।

# रोजगार ढूंढने वाले युवा नहीं बल्कि रोजगार देने वाले युवाओं को करें तैयार : राज्यपाल

**भूमिका**

8 राज्यपाल ने कहा कि शिक्षण संस्थाओं को देश के विकास में योगदान देने के लिए भूमिका अदा करनी होगी



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल ने कहा कि शिक्षण संस्थाओं को देश के विकास में योगदान देने के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी होगी। विश्वविद्यालय ऐसे कुशल युवाओं को तैयार करें जो रोजगार ढूंढने वाले न हों बल्कि रोजगार प्रदान करने वाले हों।

शनिवार को कोर विश्वविद्यालय,रुड़की में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने विकसित भारत अभियान के तहत ह्यभारत ज्ञान समागम-2024ह्न कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। भारत ज्ञान समागम में देशभर के 20 राज्यों के 50 से अधिक विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और 400 से अधिक शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्यों/प्राचार्यों एवं शिक्षाविदों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षाविदों को सम्मानित किया और समारोह की स्मारिका का भी विमोचन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने इस अभूतपूर्व आयोजन के लिए कोर विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि हमारे समाज एवं ज्ञान-विज्ञान को एक नई दिशा मिलेगी। किसी भी देश की उपलब्धियों का सच्चा प्रतिबिम्ब उस देश में स्थित शिक्षण संस्थान होते हैं। भारत की समृद्धि में हमारी समृद्ध शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों का यह सही समय है जब उन्हें अध्ययन, अनुसंधान और समर्पण के माध्यम से आगे बढ़ना है। यह समय हमें अपने विश्वविद्यालयों को तराशने और उन्हें अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर उच्चतर मानकों और दर्शनों के साथ मिलाकर उन्हें विश्व स्तरीय शिक्षण संस्थानों में बदलने का समय है।शिक्षा ग्रहण कर रहे हमारे युवाओं का भविष्य संवारने में विश्वविद्यालयों की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। इन्हीं युवाओं के बलबूते हम विश्व गुरु और विश्व भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर पायेंगे।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षकों की समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने उपस्थित शिक्षाविदों से आह्वान किया कि वे आने वाली अमृतकाल की पीढ़ी के युवाओं को अपने अनुभवों से तराशें। उन्होंने शिक्षाविदों से आह्वान किया कि वे अपनी ज्ञान गंगा से भारत को नई ऊंचाइयों में ले जाने में अपनी सहभागिता दें।

राज्यपाल ने विश्वास जताया कि यह सम्मेलन सशक्त एवं समृद्धशील भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस कार्यक्रम में जाने माने अन्तरराष्ट्रीय लेखक व प्रेरक वक्ता शिव खेड़ा, लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. जे.एम.एस राणा ने भी अपने वक्तव्य रखे।इस अवसर पर कोर विश्वविद्यालय के चांसलर जे.सी जैन, संस्थापिका सुनिता जैन, प्रो वाइस चांसलर श्रेयांश जैन सहित अनेक शिक्षाविद् उपस्थित रहे।

# गढ़ महोत्सव में रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**रक्तदान**

8 हिमालयन अस्पताल के चिकित्सकों ने रक्तदान करने आए लोगों की जांच रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड नवनिर्माण सेवा समिति ने स्वर्गीय प्रेम गौनियाल की स्मृति में आयोजित गढ़ महोत्सव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

शनिवार को रक्तदान शिविर का उद्घाटन वरिष्ठ पत्रकार हरीश तिवारी, विक्रम सिंह,भरत मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य गोविंद सिंह रावत, निवर्तमान पार्षद शिवकुमार गौतम, उत्तराखंड नवनिर्माण सेवा समिति के अध्यक्ष जगदीश खंडवाल ने संयुक्त रूप से किया।हिमालयन अस्पताल के चिकित्सकों ने रक्तदान करने आए लोगों की जांच रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ पत्रकार हरीश तिवारी ने बताया कि रक्तदान एक महादान है। रक्तदान करने से किसी के जीवन को बचाया जा सकता है। इसीलिए सभी को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए।

प्रधानाचार्य गोविंद सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड नव निर्माण सेवा समिति द्वारा उत्तराखंड की संस्कृति को बचाने के साथ-साथ लोगों को जीवन को बचाने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन करना एक अच्छा कार्य है। रक्तदान शिविर में भारी संख्या में लोग रक्तदान करने पहुंचे। हिमालयन अस्पताल की तरफ से रक्तदान करने वालों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

इस अवसर पर जितेंद्र भट्ट, शैलेंद्र बिष्ट, मनोज गुंसाई, सुल्तान सिंह रावत, हेमंत डग, गोपाल सिंह नेगी, नवीन देशवाल, रवि बिष्ट, ललित किशोर शर्मा, मानवेंद्र कंडारी, अमित नौटियाल आदि मौजूद थे।

# यूसीसी विधयेक से संबंधित नियमावलियों का ड्राफ्ट तैयार के लिए समिति का गठन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) उत्तराखण्ड, 2024 विधयेक से संबंधित नियमावलियों का आलेख्य (ड्राफ्ट) तैयार के लिए समिति का गठन की स्वीकृति प्रदान की है।



विशेष सचिव गृह रिधिम अग्रवाल की ओर से जारी आदेश में सेवानिवृत्त मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह अध्यक्ष,अपर सचिव, न्याय, उत्तराखण्ड शासन सदस्य सुधीर सिंह, अपर सचिव, कार्मिक, उत्तराखण्ड शासन पदेन सदस्य,अपर सचिव, पंचायती राज, उत्तराखण्ड शासन पदेन सदस्य,अपर सचिव, शहरी विकास, उत्तराखण्ड शासन पदेन सदस्य,अपर सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन पदेन सदस्य, बरिंदरजीत सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, प्रशिक्षण सदस्य, सुरेखा डंगवाल, कुलपति, दून विश्वविद्यालय सदस्य, मनु गौड़, सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य।

उक्त समिति द्वारा समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड, 2024 विधेयक के प्राविधानों के सफल क्रियान्वयन के लिए नियमावलियों का ड्राफ्ट तैयार किया जायेगा। जिसमें विभिन्न प्रक्रियाओं, सक्षम स्तर के प्राधिकारियों एवं प्रस्तावित अधिनियम के प्रावधानों को सुगमता से लागू किये जाने विषयक तथ्यों का समावेश किया जाये।

उक्त समिति के सदस्यों को उपरोक्त कार्यों के लिए कोई भी भत्ता देय नहीं होगा।

# पतंजलि में उद्योग व बेकरी प्रोत्साहन पर ट्रेनिंग का शुभारंभ

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
समृद्ध ग्राम (पतंजलि ट्रेनिंग सेंटर) में उत्तराखंड आजीविका मिशन के सहयोग से बेकरी उत्पाद एवं उद्योग प्रोत्साहन पर पांच दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ चरणजीत सिंह एडिशनल सेक्रेटरी, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार तथा आनंदस्वरूप सीईओ ने दीप प्रज्वलन करके किया। इस अवसर पर चरणजीत सिंह ने सभी प्रशिक्षुओं से कहा कि प्रधानमंत्री अपने प्रत्येक उद्बोधन में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के समग्र उत्थान तथा आजीविका अभिवृद्धि हेतु बल देते हैं।

# नर्सिंग कालेज के छात्रों ने ली जिम्मेदारी निभाने की शपथ

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
राजकीय नर्सिंग कॉलेज गोपेश्वर में शनिवार को 8वें बैच के 44छात्र-छात्राओं ने मरीजों की सेवा के साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाने की भी शपथ ली।



राजकीय नर्सिंग कॉलेज गोपेश्वर पटियालधार में शुरू हुए बीएससी नर्सिंग 8वें बैच ने अपने पद के अनुरूप मरीजों की सेवा और समाज के प्रति जिम्दारियों की शपथ ली। कार्यक्रम में छात्रों ने नर्सिंग की सेवा, अर्थ और उनकी जिम्मंदारियों की संवेदनशीलता को लेकर अपने अपने विचार रखे। नये बैच के छात्रों को उनके सीनियर की ओर से एप्रन पहनाया गया। उसके पश्चात अध्यापकों ने सभी छात्रों के लैंप को रोशनी दी। प्राचार्य ने सभी छात्रों को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर संस्थान की प्राचार्या डॉ. ममता कपरवान ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमेशा याद रखें कि मरीजों की देखभाल एवं उपचार करते हुए ये न भूलें कि नर्सिंग सेवा भाव का प्रोफेशन है।

इसलिए समाज के लिए हमेशा समर्पित रहें। उन्होंने कहा कि नर्सिंग की शिक्षा के दौरान शपथ ग्रहण बहुत अहम क्षण होता है इसमे छात्रों को उनकी जिम्मेदारियों के बारे अहम जानकारी दी जाती है। इस शपथ ग्रहण के बाद बैच की विधिवत पठन पाठन शुरू होता है।

## न्यूज फ्लैश

# उत्तराखंड : हल्द्वानी के बनभूलपुरा को छोड़ अन्य क्षेत्रों से कर्फ्यू हटा, शासन ने दिए मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश

**देहरादून/नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के नैनीताल जिला स्थित हल्द्वानी के बनभूलपूरा में हिंसा के बाद वहां की स्थिति नियंत्रण में है। यह पूरा क्षेत्र पुलिस और आईटीबीपी के हवाले है। कर्फ्यू के क्षेत्र की सीमा में आज सुबह से संशोधन किया गया है। अब बनभूलपुरा क्षेत्र को छोड़कर जहां अन्य क्षेत्रों में कर्फ्यू हटा दिया गया है वहीं हल्द्वानी के बनभूलपुरा मामले में नैनीताल पुलिस ने 5 उपद्रवी गिरफ्तार किए गए हैं। अति आवश्यक सामग्री की आपूर्ति सामान्य चल रही है। साथ ही शासन ने कुमाऊं आयुक्त को हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुई घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में गत 8 फरवरी को घटित हिंसा की घटना के मामले में नैनीताल पुलिस ने 3 अभियोग पंजीकृत किये हैं। इनमें से एक अभियोग नगर निगम और 2 पुलिस की तहरीर पर पंजीकृत किये गये हैं। सीसीटीवी एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर 5 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित की गई हैं जो गिरफ्तारी के लिए कार्य कर रही हैं। नैनीताल पुलिस ने 19 नामजद सहित हजारों अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। इस घटना में शामिल उपद्रवियों को चिन्हित कर राज्य सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई करेगी। घटना के बाद से राज्य भर में हाई अलर्ट जारी कर दिया किया गया है।

नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना की ओर से जारी आदेश में क्षेत्र की वर्तमान परिस्थितियों का संज्ञान लेते हुए उक्त कर्फ्यू के क्षेत्र की सीमा में संशोधन करते हुए सीमित किया गया है। अब नगर निगम, हल्द्वानी क्षेत्रान्तर्गत सम्पूर्ण बनभूलपुरा क्षेत्र (आर्मी कैंट (वर्कशॉप लाइन भी सम्मिलित) तिकोनिया- तीनपानी-गौलापार बाइपास की परिधि के अन्तर्गत क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए) पूर्णतः बन्द (कर्फ्यू) लागू रहेगा। अन्य क्षेत्रों नैनीताल-बरेली मोटर मार्ग पर वाहनों का आवागमन एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान प्रतिबन्ध से मुक्त रहेंगे। यह आदेश 10 फरवरी प्रातः 10 बजे से अग्रिम आदेशों तक लागू रहेगा।

इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 के अन्तर्गत कार्रवाई की जायेगी। इस आदेश की सूचना ध्वनि विस्तारक यंत्र से हल्द्वानी क्षेत्रान्तर्गत दी जाये और आदेश की एक प्रति कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर पुलिस थाना एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा की जाये।

# चमोली कस्बे में बने कूड़ा डंपिंग जोन के विरोध में नगरवासियों ने किया प्रदर्शन

**का-**

8 यदि इसके बाद भी कूड़ा डंपिंग जोन हटाया नहीं जाता है तो आंदोलन के लिए बाध्य होना पडेगा।

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
नगर पालिका परिषद गोपेश्वर की ओर से चमोली कस्बे के निकट अलकनंदा नदी के तट पर बनाये गये कूड़ा डंपिंग जोन को लेकर शनिवार को चमोली कस्बे के निवासियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पालिका की ओर से एकत्र किये कूड़े के वाहनों को वापस लौटाया गया।



चमोली कस्बे के देवेंद्र सिंह गुसांई, धीरेंद्र सिंह रावत का आरोप है कि पूर्व में नगर पालिका की ओर से यहां पर शवदाह गृह के पास वाहन पार्किंग के लिए टीन शेड बनाया गया था लेकिन अब इस टीन शेड को कूड़ा डंपिंग जोन बना दिया गया है। जबकि पालिका की ओर से पोखरी मोटर मार्ग पर भी कूड़ा डंपिंग जोन बनाया गया है। नगर का कूड़ा वहां फेंकने के बजाय चमोली कस्बे के पास फेंका जा रहा है, जिससे यहां पर गंदगी फैल रही है और आने वाले समय में इसके आसपास रह रहे लोगों को बीमारी फैलने की भी आशंका बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व जिलाधिकारी को भी कूड़ा डंपिंग जोन को हटाये जाने के लिए ज्ञापन दिया गया था लेकिन उसके बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर विरोध प्रदर्शन कर कूड़ा वाहनों को यहां से लौटाया गया है। यदि इसके बाद भी कूड़ा डंपिंग जोन हटाया नहीं जाता है तो आंदोलन के लिए बाध्य होना पडेगा। इस मौके पर शादब अंसारी, अतिक अंनसारी, चरण सिंह रावत, हिमांशु पंवार, धीरेंद्र सिंह रावत, संतोष श्रीवास्तव, नसीमा, कुलदीप वर्मा, अनुराग वर्मा, विक्रम सिंह नेगी, तलीफ अंसारी आदि मौजूद थे।

# दुष्कर्म के बाद नाबालिग किशोरी ने बेटी को दिया जन्म, आरोपित गिरफ्तार

**चम्पावत/टीम एक्शन इंडिया**
जिले के पाटी थाना क्षेत्र से एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दुष्कर्म के बाद किशोरी गर्भवती हो गई थी। शुक्रवार को नाबालिग किशोरी ने क्षेत्र के एक अस्पताल में बेटी को जन्म दिया है। शिकायत पर पाटी थाने में आरोपित टैक्सी चालक कैलाश राम (35) के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376ए 508 और पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# संतों ने अयोध्या के लिए रवाना की दवाइयों की खेप

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
श्री पुरुषार्थ आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष महामनीषी निरंजन स्वामी के नेतृत्व में संतों ने भगवा झंडी दिखाकर अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के लिए निःशुल्क दवाइयों की गाड़ी को रवाना किया। बहादराबाद स्थित रामकृष्ण पुरम कॉलोनी में एमप्योर फार्मास्यूटिकल के ओर से पैंतालीस प्रकार की निःशुल्क प्रदान की गई। दवाइयों को लेकर संत अयोध्या की ओर रवाना हुए।



इस दौरान महामनीषी निरंजन स्वामी महाराज ने कहा कि निरूस्वार्थ रूप से किया गया सेवा का कार्य व्यक्ति को महान बनाता है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त प्रभु श्री रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और बेहतर इलाज के लिए निःशुल्क रूप से दवाइयां भेंट की जा रही हैं, यह एक अच्छी पहल है। युवा भारत साधु समाज के अध्यक्ष महंत शिवम् एवं महामंत्री स्वामी रविदेव शास्त्री महाराज ने कहा कि संतो के नेतृत्व में देवभूमि से किया गया कोई भी पुनीत कार्य उत्तराखंड की गरिमा को बढ़ाता है। हम सभी सौभाग्यशाली हैं। हमें प्रभु श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र में सेवा का अवसर प्राप्त हो रहा है। महंत सुतिक्षण मुनी एवं महंत श्रवण मुनि महाराज ने कहा कि उद्योगपति विशाल चौहान द्वारा निशुल्क दवाइयां प्रदान कर अच्छी शुरूआत की गई है।

संत समाज निरंतर उनके सहयोग से सेवा कार्यों में आपकी सहभागिता को सुनिश्चित करता रहेगा। विशाल चौहान ने बताया कि समय-समय पर उनके द्वारा निरूशुल्क दवाइयां वितरित की जाती है हैं। कुंभ मेलों में भी उनकी ओर से यात्री श्रद्धालुओं के लिए चिकित्सा शिविर लगाए जाते हैं।

# मैत्री क्रिकेट मैच में शिक्षकों ने शिष्यों को हराया



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
मित्रवत व्यवहार गुरु-शिष्य सम्बंध का आधार है। जीवन की सरल तथा जटिल दोनों स्थिति में गुरु दीक्षा शिष्य को सबलता प्रदान करती है। पूर्ण दक्ष शिष्य इसी दीक्षा से पारंगत एवं निपुणता प्राप्त करता है। शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग, गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के दयानंद स्टेडियम प्रांगण में गुरु-शिष्य के मध्य मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। मैच का शुभारम्भ योग एवं शारीरिक शिक्षा संकाय के डीन प्रो. सुरेन्द्र कुमार द्वारा टॉस तथा शॉट लगाकर किया गया।

कार्यक्रम की महत्ता बताते हुये प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि मैत्रीय सम्बंध की मजबूती आपसी ताल-मेल पर निर्भर करती है। मित्रता को प्रगाढ़ एवं मधुर बनाये रखने के लिए इस प्रकार के आयोजन जरूरी है। शिक्षण संस्थाओं मे यह व्यवहार राष्ट्र निर्माण मे अधिक प्रभावी एवं सशक्त माध्यम है। प्रभारी, शारीरिक शिक्षा डॉ. अजय मलिक ने कहा कि बदलते परिवेश में गुरु-शिष्य के सम्बंध में भी बदलाव देखने को मिलते है। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शिवकुमार चौहान ने तनाव समाधान एवं शैक्षिक दबाव कम करने के लिए मैत्रीय सम्बंध को बढ़ाने पर बल दिया।

मैत्रीय क्रिकेट मैच में टॉस जीतकर शिक्षक टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लेते हुए निर्धारित 12 ओवर में आल आउट होकर 115 रनों का स्कोर बनाया। जवाब में विद्यार्थी वर्ग की टीम 12 ओवर मे 6 विकेट पर 110 रन ही बना पाई। शिक्षक वर्ग की ओर से डॉ. अजय मलिक तथा मुनेश की जोडी ने सर्वाधिक 42 रन जोड़े। दूसरी ओर विद्यार्थी वर्ग की ओर से सर्वाधिक 45 रन का योगदान गोविन्द का रहा। मैदान को व्यवस्थित, मार्किंग तथा अम्पायर की भूमिका में शिक्षकेत्तर वर्ग ने सहयोग किया। टीम में डॉ. कपिल मिश्रा, डॉ. शिवकुमार चौहान, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. प्रणवीर सिंह, सुनील कुमार, दुष्यंत राणा, सुरेन्द्र सिंह, कुलदीप, मुनेश, राजेन्द्र सिंह, विशाल सम्मिलित रहे।

# अनुसूचित जाति बाहुल्य ऐराठा के ग्रामी को पैदल सड़क भी नसीब नहीं

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के देवाल विकास खंड के ओडर ग्राम पंचायत का अनुसूचित जाति बाहुल्य ऐराठा गांव के ग्रामीणों को मोटर सड़क तो दूर का दिवास्वप्न बना है, पैदल सड़क भी नसीब भी नहीं है। मोटर सड़क की फाइल लोनिवि थराली के कार्यालय में धूल फांक रही है। ग्रामीण में सरकार के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है।



ऐराठा गांव में विकास की किरण नहीं पहुंच पाई है। यहां पर 54 परिवार अनुसूचित जाति के निवास करते हैं। इस गांव में मात्र एक व्यक्ति सरकारी नौकरी करता है, बाकि लोग मेहनत, मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। ऐराठा गांव देवाल विकास खंड मुख्यालय से त्यूनुडा से पांच किलोमीटर आगे पिंडर नदी के तट पर बसा है। इस गांव तक पहुचंने के लिए पैदल जंगल से होकर गुजरना पड़ता है। यह पैदल मार्ग भी कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो रखा है। इस गांव के 25 बच्चे पांच किलोमीटर की दूरी तय कर इन विहड खतरनाक रास्ते से होकर देवाल राजकीय इंटर कालेज में पढने आते हैं।

गांव के सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र कुमार, पूर्व प्रधान मदन राम टम्टा, लक्ष्मण टम्टा ने कहा कि ऐराठा गांव में विकास के नाम पर कुछ भी नहीं है। ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं सुविधाओं से भी वंचित है। सबसे बड़ी समस्या पैदल रास्ता है जो खतरे से खाली नही है,वही पदमला-कजेरू-ऐराठा आठ किलोमीटर मोटर सड़क की स्वीकृति 2021 में मिली है। संयुक्त सर्वे भी हो गया है। सड़क की फाइल आगे नहीं बढ़ रही है। विभाग के कार्यालय में धूल फांक रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अनुसूचित जाति गांव के कल्याण की बात कर रही है लेकिन आज तक ऐराठा गांव में विकास की किरण नहीं पहुंच पाई है।

इधर, लोनिवि के जेई प्रशांत चंदोला ने बताया कि सड़क की सर्व हो गई अब वन भूमि की फाइल तैयार की जा रही है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

क्या कहते है अधिकारी?

पदमला-कजेरु-ऐरठा मोटर मार्ग की वन भूमि की फाइल को जल्द तैयार करने के निर्देश जेई को दिए है। फाइल में आवश्यक दस्तावेजों के साथ शासन को भेजा जाएगा।

# युवक को टक्कर मारकर फरार हुआ बस चालक गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
तेज रफ्तार से आती बस की चपेट में आए युवक की मौत के मामले में फरार बस चालक को कोतवाली गंगनहर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। बीती 8 फरवरी को रुड़की क्षेत्र के गणेश विहार निवासी तुषार सैनी पुत्र अमरीश सैनी एक प्राइवेट बस की चपेट में आने से घायल हो गया था, जिसकी बाद में अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई थी। मामले में मृतक के पिता अमित सैनी की ओर से कोतवाली गंगनहर में आरोपी बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# अल्मोड़ा पहुंचे मुख्यमंत्री, रोड शो में आम जनता ने किया भव्य स्वागत

**मौजूद**

8 सांसद अजय टम्टा, विधायक मोहन सिंह महरा सहित प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी पर मौजूद थे।

**अल्मोड़ा/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को अल्मोड़ा पहुंचे। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग उनके स्वागत करने पहुंचे। कैंट हेलीपैड पहुंचे धामी अल्मोड़ा बाजार में रोड शो के लिए निकले। खुले वाहन में बाजार पहुंचे धामी का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

धामी ने पूरे बाजार में लोगों का



अभिवादन स्वीकार किया। इस मौके पर सांसद अजय टम्टा, विधायक मोहन सिंह महरा सहित बीजेपी के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी पर मौजूद थे।
इसके बाद सीएम आरबीआई परिसर हवालबाग पहुंचकर आजीविका महोत्सव 3 के लाभार्थियों से भेंट-वार्ता/संवाद करेंगे। वहां आजीविका महोत्सव स्थल पहुंचकर शिल्पकार गैलरी एवं विभागीय स्टॉल्स का निरीक्षण/शिल्पकारों से संवाद, 202 करोड़ की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास/लोकार्पण एवं मातृ-शक्ति आजीविका महोत्सव दीदी-भुलि हाथ लगाल, उत्तराखण्ड हौल अमृत काल कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

## अल्मोड़ा में मुख्यमंत्री के दौरे का विरोध कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ता गिरफ्तार

**अल्मोड़ा/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के अल्मोड़ा दौरे का विरोध करने पहुंचे कांग्रेस कार्यकताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।
चौघानपाटा में कांग्रेस कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए अपना विरोध प्रदर्शन शुरू किया। मुख्यमंत्री धामी के अल्मोड़ा पहुंचने से ठीक पहले कांग्रेस कार्यकताओं ने चौघानपाटा में सड़क जाम कर दी। इस दौरान कार्यकर्ता अंकिता भंडारी हत्याकांड, यूके ट्रिपलसी घोटाला, केदारनाथ सोना चोरी सहित तमाम मुद्दों को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने धामी सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर रहे थे।प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस कर्मियों ने कार्यकताओं को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकताओं में नोक-झोंक भी देखी गई।

# द लीजेंड रीबॉर्नः काइनेटिक ग्रीन ने लॉन्च किया ई-लूना

**हरिद्वार। भारत में** इलेक्ट्रिक वाहनों के अग्रणी निमार्ता, काइनेटिक ग्रीन ने एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम में गर्व से बहुप्रतीक्षित ई-लूना पेश किया, जो उन्नत तकनीक और सुविधाओं के साथ एक स्टाइलिश, बहु-उपयोगी इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन है। नई दिल्ली में प्रतिष्ठित लूना के इस बिल्कुल नए इलेक्ट्रिक संस्करण का अनावरण भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के हाथों, भारी उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव, डॉ. हनीफ कुरेशी, आईपीएस, के साथ किया गया। भारत सरकार, काइनेटिक ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. अरुण फिरोदिया और काइनेटिक ग्रीन की संस्थापक और सीईओ सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने इस महत्वपूर्ण अवसर को बहुत महत्व दिया।
ई-लूना अद्वितीय बहुमुखी प्रतिभा के साथ एक अनूठी पेशकश के रूप में इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में खड़ा है। यह नवाचार का प्रतिनिधित्व करता है क्योंकि इसे व्यक्तिगत आवागमन और छोटे व्यवसायों के लिए विभिन्न अनुप्रयोगों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी उन्नत इलेक्ट्रिक तकनीक और नवीन विशेषताएं पर्यावरण के अनुकूल और अत्यधिक समकालीन सवारी अनुभव में योगदान करती हैं।
ई-लूना एक हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर है जो 100 प्रतिशत डिजाइन, इंजीनियर और भारत में निर्मित है, जिसमें स्टाइलिश डिजाइन, अत्यधिक बहुमुखी अपील, अत्यधिक किफायती कीमत पर लंबे समय तक चलने वाले निर्माण के साथ-साथ उन्नत हरित तकनीक की पेशकश की गई है। कीमत।
ई-लूना को इस दृष्टि से डिजाइन किया गया है कि केवल वर्ग ही नहीं, बल्कि आम जनता भी ईवी क्रांति में भाग ले और बड़ी बचत और शोर रहित, उत्सर्जन-मुक्त सवारी के ई-मोबिलिटी के लाभों से लाभान्वित हो।
भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लॉन्च के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि ऑटोमोटिव उद्योग में विद्युत क्रांति गति पकड़ रही है, और काइनेटिक ग्रीन का ई-लूना, अपनी बहुमुखी विशेषताओं के साथ और सामर्थ्य, टिकाऊ परिवहन के लिए सरकार के दृष्टिकोण से मेल खाता है। ई-लूना के बारे में जो बात मेरा ध्यान आकर्षित करती है, वह केवल कार्बन पदचिह्न को कम करने का तथ्य नहीं है, बल्कि टियर 1 शहरों के साथ, ई-लूना का उद्देश्य ई-गतिशीलता प्रदान करना भी है। भारत के टियर 2, टियर 3 शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए। यहीं असली भारत है! यह एक ऐसा माध्यम है जो भौगोलिक समावेशिता को प्रोत्साहित करता है।

**न्यूज फ्लैश**

## जेएसडब्ल्यू वन टीएमटी के लॉन्च के साथ जेएसडब्ल्यू वन कर रहा प्राइवेट ब्रैंड्स में प्रवेश

**देहरादून।** 23 बिलियन अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन वाले जेएसडब्ल्यू ग्रुप की सहायक कंपनी, जेएसडब्ल्यू वन ने आज जेएसडब्ल्यू वन टीएमटी के लॉन्च की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य गुणवत्ता और विश्वसनीयता के लिए नए मानक स्थापित करते हुए, भारत की निर्माण महत्वाकांक्षाओं को सशक्त बनाना है। बीआईएस-प्रमाणित जेएसडब्ल्यू वन टीएमटी बार्स, ग्राहकों को एक टीएमटी में 10 गुना लाभ प्रदान कर-के नए मानक स्थापित करते हैं। इसमें श्रेणी की सर्वश्रेष्ठ रिब डिजाइन, बेहतर रसायन विज्ञान, संक्षारण प्रतिरोध, यूरोपीयन तकनीक, बजट अनुकूलता, उच्चतम लचीलापन और मोड़ने की क्षमता, बढ़ी हुई संरचनात्मक शक्ति, सर्वोच्च कंक्रीट पकड़, समान गेज और आयाम तथा गर्मी / भूकंप प्रतिरोध शामिल है, जो कि जेएसडब्ल्यू की विरासत के रूप में इसके स्टील में निहित है।
जेएसडब्ल्यू वन टीएमटी बार्स, गुणवत्ता और प्रदर्शन के अंतर को खत्म करते हैं, जिसका अक्सर ग्राहकों और निर्माण कंपनियों द्वारा सामना किया जाता है। ये सरिए अपने साथ क्षेत्रीय बाजारों में प्रचलित स्थानीय गैर-मानक टीएमटी ब्रैंड्स की चुनौती का समाधान लेकर आते हैं। इस प्रकार, ये सरिए निर्माण क्षेत्र में सार्थक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। अपनी उच्च शक्ति, बारीकी से निर्माण और कम कंक्रीट आवश्यकताओं की वजह से कम सरिए की आवश्यकता के साथ ये सरिए निर्माण की कुशलता में सुधार करते हैं, जो परिणाम के रूप में तेजी से बार प्लेसमेंट और हल्का क्रेन भार प्रदान करते हैं। इसकी इनोवेटिव डिजाइन, टीएमटी सरियों की खपत को कम करती है, जिसके माध्यम से ग्राहकों की लागत में महत्वपूर्ण रूप से बचत होती है। यह परिणाम के रूप में, पतले कॉलम्स और अधिक इंटीरियर फ्लोर स्पेस व कारपेट एरिया प्रदान करता है।
पार्थ जिंदल, डायरेक्टर, जेएसडब्ल्यू वन प्लेटफॉर्म्स, ने कहा कि जैसा कि हम टेक्नोलॉजी के माध्यम से पूरे भारत में अपनी पहुँच का विस्तार कर रहे हैं, हम पाते हैं कि बाजार में हमारे ग्राहकों को किफायती कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले टीएमटी खोजने के लिए भारी संघर्ष करना पड़ता है। बाजार में अमानक और अपुष्ट प्रोडक्ट्स की भरमार है। इन्हीं बाजारों को हम जेएसडब्ल्यू वन के लिए अरबों डॉलर के एक बड़े अवसर के रूप में देखते हैं।

## एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया'एक्सिस एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स इंडेक्स फंड'

**देहरादून।** भारत में सबसे तेजी से वृद्धि दर्ज करते फंड हाउसों में से एक,एक्सिस म्यूचुअल फंड ने अपने नए फंड ऑफर - एक्सिस एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स इंडेक्स फंड (एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स टीआरआई को ट्रैक करने वाला एक ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड) के लॉन्च की घोषणा की है। इस फंड का प्रबंधन, कार्तिक कुमार (फंड मैनेजर) और आशीष नाइक (फंड मैनेजर) करेंगे। यह नया फंड एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स टीआरआई बेंचमार्क को ट्रैक करेगा। इसमें न्यूनतम निवेश 500 रुपये से और उसके बाद 1/-रुपये के गुणक में किया जा सकता है।
एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स इंडेक्स,भारत में लार्ज कैप कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है जो बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध 30 स्थापित और वित्तीय रूप से मजबूत कंपनियों का एक फ्री फ्लोट मार्केट-वेटेड स्टॉक मार्केट इंडेक्स है। सूचकांक में शामिल सेक्टर के व्यापक दायरे को ध्यान में रखते हुए, यह निवेशकों को एक विविध पोर्टफोलियो और एक ही सूचकांक के साथ विभिन्न सेक्टर की विकास की संभावनाओं में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। एक्सिस एएमसी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी, बी. गोपकुमार ने कहा कि निष्क्रिय निवेश की रणनीतियों की बढ़ती स्वीकार्यता को देखते हुए हम ऐसा निवेश विकल्प प्रदान करने की जरूरत को समझते हैं,जो आज के निवेशकों की उभरती प्राथमिकताओं के अनुरूप हो। एक्सिस एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स इंडेक्स फंड का लॉन्च विविध निवेश समाधान पेश करते हुए विभिन्न किस्म के उत्पाद पेश करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। पिछले दो दशक में, इक्विटी निवेशकों ने लचीलापन दिखाया है, और हमारा मानना है कि एक्सिस एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स इंडेक्स फंड में निवेशकों के लिए दीर्घकालिक धन सृजन के अवसर पैदा करने की क्षमता है।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने सेवानिवृत्ति से जुड़ा सेविंग्स आईसीआईसीआई प्रू गोल्ड पेंशन सेविंग्स किया लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक टैक्स एफीशिएंट पेंशन प्रोडक्ट ह्यआईसीआईसीआई प्रू गोल्ड पेंशन सेविंग्सह्वलॉन्च किया है। इसमें ग्राहकों को व्यवस्थित योगदान करने और वित्तीय रूप से स्वतंत्र सेवानिवृत्त जीवन जीने के लिए वांछित सेवानिवृत्ति कोष बनाने की सुविधा मिलती है। यह प्लान देश का पहला ऐसा प्रोडक्ट भी है जो ग्राहकों को निवेश की गई पूंजी की सुरक्षा, कॉम्प्लीमेंट्री स्वास्थ्य जांच और आंशिक निकासी की सुविधा प्रदान करता है। ग्राहक तीन साल की अवधि के बाद किए गए योगदान का 25 प्रतिशत तक हिस्सा निकाल सकते हैं, जिससे वे लिक्विडिटी संबंधी अपनी जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। इसके अलावा, वार्षिक बोनस, जब भी घोषित किया जाता है, कॉर्पस और परिणामस्वरूप एन्यूटि को और मजबूत करने की क्षमता रखता है। आईसीआईसीआई प्रू गोल्ड पेंशन सेविंग्स प्रोडक्ट ग्राहकों को परिपक्वता पर संचित बचत का 60 प्रतिशत तक हिस्सा निकालने और शेष राशि से गारंटीशुदा नियमित जीवन भर पेंशन प्राप्त करने का अधिकार देता है, जिससे स्वर्णिम वर्षों के दौरान वित्तीय स्वतंत्रता मिलती है।
आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमित पलटा ने कहा कि देश में तेजी से बदलती पारिवारिक संरचना के साथ सेवानिवृत्ति योजना की अहमियत बहुत बढ़ गई है।

# नौली-धोतीधार मोटर निर्माण की मांग, जनता ने निकाली रैली

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के पोखरी विकास खंड के नौली-धोतीधार मोटर मार्ग निर्माण की मांग को लेकर शनिवार को क्षेत्र के 40 गांवों से अधिक गांवों के जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रीय जनता ने पोखरी में जुलूस प्रदर्शन करते हुए अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया है। जनप्रतिनिधियों ने उप जिलाधिकारी पोखरी के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भी भेजा।
प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष धीरेंद्र राणा और ब्लॉक प्रमुख प्रीति भंडारी ने कहा कि 22 सालों से क्षेत्रीय जनता नौली-धोतीधार मोटर मार्ग के लिए संघर्ष कर रही है। कई बार शासन-प्रशासन को लिखित



रूप में पत्र भी दिया गया है। लेकिन सरकार की उदासीनता के कारण सड़क का निर्माण नहीं हो पाया रहा है। इसलिए मजबूर होकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा एक सूत्रीय मांग धोतीधार सड़क निर्माण का शासनादेश जारी होगा तभी धरना प्रदर्शन समाप्त किया जाए। साथ ही आने वाले लोकसभा के चुनावों का बहिष्कार किया जाएगा।
जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बदरीनाथ विधानसभा में पोखरी का प्रतिनिधित्व होने के बावजूद आज भी सड़क निर्माण के लिए सड़क पर संघर्ष करना पड़ रहा है। इसे बड़ा दुर्भाग्य इस क्षेत्र का क्या होगा। जब तक सड़क के लिए वित्तीय स्वीकृति नहीं मिलती है तब तक संघर्ष जारी रहेगा।
इस अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष धीरेंद्र राणा, ब्लॉक प्रमुख प्रीति भंडारी, ग्राम प्रधान प्रेमसिंह, सजनसिंह, संजय रमोला, देवेन्द्र लाल, नवीन राणा, ललित मिश्रा, प्रदीप बत्र्वाल, इन्द्रेश राणा, सतेन्द्र सिंह, सुलोचना देवी आदि मौजूद थे।

# फर्नीचर हाउस में लगी आग, लाखों का नुकसान

**काबू**

8 दमकल कर्मियों नें आग को पास ही स्थित ट्रैक्टर एजेंसी एवं अन्य दुकानों की ओर बढ़ने से भी रोका।



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
एक फर्नीचर की दुकान में आग लगने से उसमें रखा सामान जलकर राख हो गया। आग से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसा लक्सर-रूड़की मार्ग पर हुआ।
दिलशाद पुत्र शौकीन निवासी मुंडलाना थाना मंगलौर सलीम पुत्र असलम निवासी गाधारोणा थाना मंगलौर की लक्सर रोड लंढौरा में सना फर्नीचर हाऊस की दुकान है। आज अचानक दुकान में आग लग गई। दुकान में आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों नें आग को पास ही स्थित ट्रैक्टर एजेंसी एवं अन्य दुकानों की ओर बढ़ने से भी रोका। अगर आग बढ़ती तो बहुत अधिक क्षति हो सकती थी। आग से फर्नीचर हाउस में रखा काफी सामान जल गया है। फर्नीचर स्वामी द्वारा आग से लाखों का नुकसान होना बताया है। आग

## कांवड़ मेला 24 से, अतिरिक्त बसें चलाएगा निगम

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार में फाल्गुनी कांवड़ मेला 24 फरवरी से आरंभ हो रहा है। 8 मार्च को इसका समापन होगा। इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं।
फाल्गुनी कांवड़ मेले के दौरान शिवभक्त हरिद्वार से कांवड़ में गंगाजल लेकर अपने गंतव्यों को जाएंगे। 24 फरवरी से दूरदराज के शिवभक्त हरिद्वार के लिए आने लगेंगे। ऐसे में यूपी से हरिद्वार जाने वाले शिवभक्तों को बसों की किल्लत का सामना नहीं करना पड़े इसके लिए परिवहन निगम विभिन्न डिपो से सीधे हरिद्वार के लिए अतिरिक्त बसों को संचालित करेगा।

# भारत के 7वें उप प्रधानमंत्री आडवाणी का स्वामी चिदानंद ने किया अभिनन्दन



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती और जीवा की अन्तरराष्ट्रीय महासचिव साध्वी भगवती ने भारत के 7 वें उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजे जाने पर उन्हें शनिवार को उनके निवास पर दिल्ली में बधाई दी। उन्होंने रुद्राक्ष की माला, रुद्राक्ष का पौधा और अंगवस्त्र देकर उनका अभिनन्दन किया।
इस दौरान आडवाणी के स्वास्थ्य का ध्यान रखने और हर श्वास पिता के स्वास्थ्य-सेवा को समर्पित करने वाली उनकी बेटी प्रतिभा को भी आशीर्वाद दिया। आडवाणी के दीघार्यु होने की सभी ने मिलकर मां गंगा से प्रार्थना की क्योंकि उन्हें मां गंगा से अत्यंत प्रेम है।
स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि आडवाणी ने कठिन से कठिन परिस्थितियों में पार्टी को ही नहीं बल्कि प्रजा और प्रजातंत्र को भी अपनी बुद्धिमानी से सहेज कर रखा और राष्ट्र भक्ति के संदेश को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि जब आडवाणी परमार्थ निकेतन में आकर अपनी पुस्तक को अन्तिम स्वरूप प्रदान कर रहे थे, तब बड़ी ही निष्ठा के साथ उन्होंने इदम राष्ट्राय इदम-न-मम के भाव से किताब को पूर्ण किया। उन्होंने कहा कि मेरा पूरा जीवन अपने राष्ट्र के लिये ही समर्पित है। वे राष्ट्रनीति के अद्भुत पुरोधा हैं, उन्होंने जो पल जिया वह राष्ट्र के लिये ही जिया। अक्सर ही उनका परमार्थ निकेतन आना होता था, तब मैंने देखा कि उनका पूरा चिंतन-मंथन, चर्चा, व्यवहार, आचार-विचार सब में राष्ट्र चिंतन व राष्ट्र प्रथम का भाव समाहित था।

# मूल-पुश्तैनी निवासियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
जोशीमठ भू-धंसाव आपदा प्रभावित मूल निवासियों ने शनिवार को जोशीमठ पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष महेन्द्र भट्ट से वार्ता कर मूल निवासियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा।
ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी माधवाश्रम महाराज की श्रीमठ स्थली में हुई बैठक के दौरान मूल निवासियों ने एक स्वर में कहा कि वे जोशीमठ की धरती को छोड़कर कहीं अन्यत्र नहीं जाएंगे, क्योंकि मूल निवासियों के पास प्रभावित भूमि के अलावा मारवाड़ी से



सुनील-औली-गौंख तक व होसी रविग्राम से मनोटी-औली तक अपनी निजी भूमि है जो सुरक्षित ग्रीन जोन में है।
उन्होंने कहा कि सरकार का जिस प्रकार बमोथ में घर बनाकर आवंटित करने का प्रस्ताव है उसी प्रकार मूल निवासियों को उनकी निजी भूमि में आवासीय मकान व गौशाला निर्माण कर आवंटित करे, तथा जिन मूल निवासियों के पास प्रभावित भूमि के अलावा अन्य निजी भूमि उपलब्ध नहीं उन्हें नजदीकी राजस्व भूमि में मकान गौशाला का निर्माण कर आवंटित किया जाये।
इस बैठक में जनवरी 2023 आपदा के बाद हुए निमार्णों की जांच करते हुए सभी प्रकार के निर्माण कार्यों पर रोक लगाने व भूमि के खरीद फरोख्त पर रोक लगाने की भी मांग रखी गई।

# उत्तराखंड : हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हिंसा के बाद स्थिति नियंत्रण में, शासन ने दिए मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश

**देहरादून/नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के नैनीताल जिला स्थित हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हिंसा के बाद हुई तनावपूर्ण स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। यह पूरा क्षेत्र पुलिस और आईटीबीपी के हवाले है। कर्फ्यू के क्षेत्र की सीमा में आज जहां सुबह से संशोधन किया गया है वहीं पुलिस ने 19 नामजद सहित हजारों अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। इस घटना में शामिल उपद्रवियों को चिन्हित कर राज्य सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई करेगी। घटना के बाद से राज्य भर में हाई अलर्ट जारी कर दिया किया गया है।शासन ने कुमाऊं आयुक्त को हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुई घटना

**कार्रवाई**

8 घटना में शामिल उपद्रवियों को चिन्हित कर राज्य सरकार रासुका के तहत कार्रवाई करेगी

की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं।
नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना की ओर से जारी आदेश में क्षेत्र की वर्तमान परिस्थितियों का संज्ञान लेते हुए उक्त कर्फ्यू के क्षेत्र की सीमा में संशोधन करते हुए सीमित किया गया है। अब नगर निगम, हल्द्वानी क्षेत्रान्तर्गत सम्पूर्ण बनभूलपुरा क्षेत्र (आर्मी कैंट (वर्कशॉप लाइन भी सम्मिलित) तिकोनिया- तीनपानी-



गौलापार बाइपास की परिधि के अन्तर्गत क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए) पूर्णतः बन्द (कर्फ्यू) लागू रहेगा। नैनीताल-बरेली मोटर मार्ग पर वाहनों का आवागमन एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान प्रतिबन्ध से मुक्त रहेंगे। यह आदेश 10 फरवरी प्रातः 10 बजे से अग्रिम आदेशों तक लागू रहेगा।
इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 के अन्तर्गत कार्रवाई की जायेगी। इस आदेश की सूचना ध्वनि विस्तारक यंत्र से हल्द्वानी क्षेत्रान्तर्गत दी जाये और आदेश की एक प्रति कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर पुलिस थाना एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा की जाये।
कोई भी व्यक्ति अत्यावश्यक कार्यों (मेडिकल इत्यादि) को छोड़कर घर से बाहर नहीं निकलेंगे।सभी व्यावसायिक संस्थान/ दुकानें/ उद्योग इत्यादि पूर्णतः बन्द रहेंगे। केवल हॉस्पिटल व मेडिकल दुकानें खुली रहेगी।यह आदेश शासकीय सेवक, पुलिस कर्मी, सशस्त्र बल पर लागू नहीं होगा। अत्यावश्यक कार्यों के लिए ही नगर मजिस्ट्रेट, हल्द्वानी की अनुमति से यातायात की अनुमति रहेगी।उत्तराखंड पुलिस के प्रवक्ता नीलेश आनंद भरणे ने हिन्दुस्थान समाचार को शनिवार को दूरभाष पर बातचीत में बताया कि अभी तक बनभूलपुरा हिंसा में मरने वाले की कुल संख्या पांच है।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना
वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभि०/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत (₹) | अग्रिम धन (₹) | निविदा फार्म की लागत (₹) | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ABSS-SNT-01RT-2023-24 एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन विद अमृत भारत स्टेशन स्कीम एट AMRO, CH, BSC, GMS & HPU. | 1,76,80,476/- | 2,38,400/- | Nil | 04.03.2024 15:00 hrs. |
| 2 | ABSS-SNT-02RT-2023-24 एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन विद अमृत भारत स्टेशन स्कीम एट SPN, RMU & HRI. | 1,08,52,794/- | 2,04,800/- | Nil | 04.03.2024 15:00 hrs. |
| 3 | ABSS-SNT-03RT-2023-24 एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन विद अमृत भारत स्टेशन स्कीम एट HRW, RK & KTW. | 83,57,999/- | 1,67,200/- | Nil | 04.03.2024 15:00 hrs. |
| 4 | ABSS-SNT-04RT-2023-24 एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन विद अमृत भारत स्टेशन स्कीम एट NBD, NGG, SEO, GJL | 1,07,53,421/- | 2,03,800/- | Nil | 04.03.2024 15:00 hrs. |

नोट: निविदा का पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।
निविदा सूचना: ABSS-SNT-01RT-02RT-03RT-04RT-2023-24 दिनांक: 07.02.2024 450/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# आओ वसंत...लहको, महको और महकाओ दिग्दिगंत

**ऋतुराज वसंत आ गए।** सुस्वागतम! आओ वसंत। लहको, महको, महकाओ। दिग्दिगंत। भारतीय सौन्दर्यबोध के ऋतुराज को नमस्कार है। प्रकृति आपकी प्रियतमा है। वह अधीर प्रतीक्षा में थी। प्रकृति ने अपने अरूण तरूण अंग खोले। रूप रूप प्रतिरूप और बहुरूप सौन्दर्य चरम परम होते गये। अपना सारा रूप रस गंध उड़ेल दिया उसने। कलियां चटकीं, फूल खिले। वायु गंध आपूरित हैं। अनेक छन्दों में स्तुतियां है। ऋग्वेद का प्रख्यात छन्द गायत्री और साम का ह्यवृहत्सामह्ल। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को इन्हीं दोनो छन्दों में अपनी व्याप्ति बताई थी और अंत में कहा था-ऋतुओं में मैं वसंत हूं। प्रकृति वसंत की अगवानी में पुलकित है। अपनी वीणा के तार छेड़ चुकी है। प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय है। सोम ओम की प्राकृतिक मस्ती है। रस रस प्रीति। रस घनत्व से धरती अंतरिक्ष आच्छादित हैं। लेकिन भारत के कुछ लोग विदेशी वेलेन्टाइनी शीर्षासन में हैं। वे ऋतुराज और प्रकृति का प्रेम रस छोड़कर विदेशी वेलेन्टाइनी मुद्रा में हैं। श्लील अश्लील हो रहा है। वसंत उनके लिए बस-अंत है। वसंत बौद्धिक समस्या भी है। प्रश्न है कि विश्व मानवता से वसंत का प्रथम परिचय कब हुआ? प्रकृति के हरेक जीव को मदमस्त करने वाले ऋतुराज कब पहचाने गये? ऋग्वेद विश्व का प्राचीनतम अभिलेख है। यहां सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को पुरुष रूप में कल्पित किया गया हैझारों सिर और हजारों पैरों वाला यह पुरुष मजेदार है। यह पुरुष समय का अतिक्रमण करता है। ऋषि के अनुसार जो हो चुका है और जो होगा वह सब पुरुष ही है। इसके एक भाग में यह विश्व है शेष तीन भाग अनंत दिव्यलोक हैं। यह ब्रह्माण्ड से भी विराट है।" सृष्टि सृजन एक पवित्र यज्ञ है। इसी सूक्त में कहते हैं "सृजन यज्ञ में यही पुरुष हवि (अग्नि में अर्पित सामग्री) बना और वसंत बना घृत-वसन्तो अस्यासी दाज्यं।" वसंत ऋग्वेद में है। इतना तय है कि वसंत ऋग्वेद के पुरुष सूक्त से प्राचीन है। पुरुष गहन दार्शनिक अनुभूति है। भारत की वसंत अनुभूति अतिपुरातन है। इसका मुख्य कारण है-प्रकृति के प्रति हमारे पूर्वजों की गहन प्रीति। इस प्रीति का कारण रूपों को ध्यान से देखने की द्रष्टा प्रवृत्ति है। द्रष्टाभाव से उगे सौन्दर्यबोध का चरम परम वसंत है। प्रकृति के रूप रम्य हैं। भारतीय द्रष्टा भाव और भी रम्य है। ऋग्वेद के ऋषि को वसंत सृजन यज्ञ कार्य में घी जैसा जान पड़ता है। वसंत भावोत्तेजक है। घी वैदिक ऋषियों का प्रिय रस है। रस का सम्बंध स्वाद से है। जिह्वा रस लेती है इसीलिए वह रसना है। ऋषियों के भावबोध में अग्नि घृत प्रिय हैं। अग्नि की अन्य अनेक विशेषताएं भी हैं। सबसे मजेदार बात है कि वे कवि भी हैं और उनकी जीभ मधुमती है। ऋषि स्वयं कवि हैं स्वाभाविक ही उनके प्रिय देवता भी कवि हैं। प्रकृति को देखने के लिए गीता वाले दिव्य चक्षु की जरूरत नहीं पड़ती। कृष्ण ने अर्जुन को विराट रूप दिखाने के पहले दिव्य चक्षु दिए थे। प्रकृति और हम अंगांगी हैं। हम प्रकृति में हैं, प्रकृति के हैं और प्रकृति हम में हैं। हम सब मधुप्रिय हैं। ऋषि भी मधुप्रिय हैं। वे प्रकृति के सभी रूपों को मधुमय देखने के अभिलाषी हैं। बार-बार गुनगुनाने लायक एक मंत्र (ऋ0 1.90) में कहते हैं "हवाएं मधु आपूरित हों। प्रकृति चक्र मधुमय हो। नदियों के जल मधुमय हों। औषधियां, वनस्पतियां मधुर हों। पृथ्वी की धूलि और सूर्य की किरणें भी मधुर हों।" वसंत मधु अनुभूति का दर्शन दिग्दर्शन है।

# भारत में हरित क्रांति के अगुआ थे स्वामीनाथन !



सुनील कुमार महला

"हरित क्रांति के अन्य उद्देश्यों में क्रमशः फसलों का वैज्ञानिक अध्ययन करना,कृषि और औद्योगिक दोनों क्षेत्र के श्रमिकों को रोजगार प्रदान करना तथा कृषि का वैश्वीकरण करना शामिल था। इतना ही नहीं यह हरित क्रांति ही थी जिसके कारण से भारत में कृषि भूमि में विस्तार संभव हुआ। हरित क्रांति के कारण ही वर्ष में एक के बजाय दो फसल जिसे दोहरी फसल प्रणाली के नाम से भी जाना जाता है, प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। इससे पहले भारत में वर्ष में केवल एक ही फसल ली जाती थी। हरित क्रांति के कारण ही भारत में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं, बांधों का निर्माण करने के साथ ही अन्य सिंचाई तकनीकों का विकास भारत में प्रारंभ हुआ।"

**हाल ही** में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 फरवरी को यह घोषणा की है कि भारत में 'हरित क्रांति' के जनक माने जाने वाले दिवंगत कृषि वैज्ञानिक एम.एस.स्वामीनाथन (पूरा नाम मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन) को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। जानकारी देना चाहूंगा कि पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एमएस स्वामीनाथन के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए यह बात कही है। सच तो यह है कि स्वामीनाथन कृषि क्षेत्र में भारत का गौरव थे। सच तो यह है कि स्वामीनाथन को "भारत में हरित क्रांति का अगुआ" माना जाता है। वास्तव में यह बेहद खुशी की बात होने के साथ ही हम सबके लिए अत्यंत ही गौरव की बात है कि भारत सरकार देश में कृषि और किसानों के कल्याण में उनके बहुत ही उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित कर रही है। यह बहुत ही रूचिकर है कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1943 में बंगाल में भीषण अकाल पड़ा था, जिसने स्वामीनाथन को झकझोर कर रख दिया था और इसे देखते हुए ही उन्होंने वर्ष 1944 में मद्रास एग्रीकल्चरल कॉलेज से कृषि विज्ञान में बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल की। उल्लेखनीय है कि 1947 में वे आनुवंशिकी और पादप प्रजनन की पढ़ाई करने के लिए दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) आ गए। उन्होंने 1949 में साइटोजेनेटिक्स में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने अपना शोध आलू पर किया था। पाठकों को यहां यह जानकारी भी देना चाहूंगा कि स्वामीनाथन सिविल सेवा की परीक्षा में भी शामिल हुए और भारतीय पुलिस सेवा में उनका चयन भी हुआ। उसी दौरान नीदरलैंड में आनुवंशिकी में यूनेस्को फेलोशिप के रूप में कृषि क्षेत्र में एक मौका मिला। स्वामीनाथन ने पुलिस सेवा को छोड़कर नीदरलैंड जाना सही समझा। 1954 में वह भारत आ गए और यहीं कृषि के लिए काम करना शुरू कर दिया। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि आनुवांशिक-विज्ञानी स्वामीनाथन ने वर्ष 1966 में मैक्सिको के बीजों को पंजाब की घरेलू किस्मों के साथ मिश्रित करके उच्च उत्पादकता वाले गेहूं के संकर बीज विकिसित किए। उन्हें विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा सन 1972 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इतना ही नहीं एम. एस. स्वामीनाथन को 'विज्ञान एवं अभियांत्रिकी' के क्षेत्र में 'भारत सरकार' द्वारा सन 1967 में 'पद्म श्री' और 1989 में 'पद्म विभूषण' से भी सम्मानित किया गया था। गौरतलब है कि उन्होंने चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भारत को कृषि में आत्मनिर्भरता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विदित हो कि हरित क्रांति 1960 के दशक में नॉर्मन बोरलॉग द्वारा शुरू किया गया एक प्रयास था। इन्हें विश्व में 'हरित क्रांति के जनक' के रूप में जाना जाता है। इस महान कृषि वैज्ञानिक इनका निधन 98 वर्ष की अवस्था में पिछले वर्ष 28 सितंबर को बीमारी के कारण अपने आवास चेन्नई में हो गया था। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 1970 में नॉर्मन बोरलॉग को उच्च उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने के उनके इस महानतम कार्य के लिये नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया। यदि हम यहां भारत की बात करें तो भारत में हरित क्रांति का नेतृत्व मुख्य रूप से एम.एस. स्वामीनाथन द्वारा किया गया था। यह भी विदित हो कि हरित क्रांति को तीसरी कृषि क्रांति के रूप में भी जाना जाता है। हरित क्रांति के कारण भारत में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण हुआ और देश कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना। यह हरित क्रांति ही थी जिसके कारण से भारत में फसल की पैदावार और कृषि उत्पादन में बहुत अधिक वृद्धि देखी गई और भारत कृषि उत्पादन में आत्मनिर्भरता का साक्षी बना। पाठक अवश्य जानते होंगे कि हरित क्रांति के परिणामस्वरूप खाद्यान्न विशेषकर गेहूँ और चावल के उत्पादन में भारी वृद्धि हुई, जिसकी शुरूआत 20वीं शताब्दी के मध्य में विकासशील देशों में नए, उच्च उपज देने वाले किस्म के बीजों के प्रयोग के कारण हुई। विवरण मिलता है कि इसकी प्रारंभिक सफलता मेक्सिको और भारतीय उपमहाद्वीप में देखी गई। वर्ष 1967 से पहले भारत में खाद्यान्न का उत्पादन इतना नहीं होता था और भारत खाद्यान्न के क्षेत्र में एक आत्मनिर्भर देश नहीं था। जानकारी देना चाहूंगा कि 1943 में, भारत विश्व में सबसे अधिक खाद्य संकट से पीड़ित देश था। बंगाल में अकाल के कारण पूर्वी भारत में लगभग 4 मिलियन लोग भूख के कारण मारे गए थे। वर्ष 1967-68 तथा वर्ष 1977-78 की अवधि में हुई हरित क्रांति भारत को खाद्यान्न की कमी वाले देश की श्रेणी से निकालकर विश्व के अग्रणी कृषि देशों की श्रेणी में परिवर्तित कर दिया। वास्तव में दूसरी पंचवर्षीय योजना के दौरान भारत में भुखमरी की समस्या को दूर करने हेतु हरित क्रांति शुरू की गई थी। ग्रामीण विकास, औद्योगिक विकास पर आधारित समग्र कृषि का आधुनिकीकरण; बुनियादी ढाँचे का विकास, कच्चे माल की आपूर्ति आदि हरित क्रांति के दीर्घकालिक उद्देश्यों में शामिल थे।

हरित क्रांति के अन्य उद्देश्यों में क्रमशः फसलों का वैज्ञानिक अध्ययन करना,कृषि और औद्योगिक दोनों क्षेत्र के श्रमिकों को रोजगार प्रदान करना तथा कृषि का वैश्वीकरण करना शामिल था। इतना ही नहीं यह हरित क्रांति ही थी जिसके कारण से भारत में कृषि भूमि में विस्तार संभव हुआ। हरित क्रांति के कारण ही वर्ष में एक के बजाय दो फसल जिसे दोहरी फसल प्रणाली के नाम से भी जाना जाता है, प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। इससे पहले भारत में वर्ष में केवल एक ही फसल ली जाती थी। हरित क्रांति के कारण ही भारत में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं, बांधों का निर्माण करने के साथ ही अन्य सिंचाई तकनीकों का विकास भारत में प्रारंभ हुआ। जानकारी देना चाहूंगा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा उच्च उपज देने वाले बीज(सुपीरियर जेनेटिक्स), मुख्य रूप से गेहूं , चावल, बाजरा और मक्का के बीजों की नई किस्मों को विकास किया गया। गेहूँ तो लंबे समय तक हरित क्रांति का मुख्य आधार बनी रही। हरित क्रांति की ही देन है कि भारत में कृषि में ट्रैक्टर, कीटनाशकों और उर्वरकों के उपयोग जैसे आधुनिक तरीकों एवं प्रौद्योगिकियों का प्रयोग शुरू हुआ। हरित क्रांति के कारण भारत में फसल उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई और इसके परिणामस्वरूप वर्ष 1978-79 में 131 मिलियन टन अनाज का उत्पादन हुआ और भारत विश्व के सबसे बड़े कृषि उत्पादक देश के रूप में स्थापित हो गया। खाद्यान्न आयात में अभूतपूर्व कमी आई। हालांकि हरित क्रांति ने बड़े पैमाने पर कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा दिया जिससे ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, थ्रेशर, कंबाइन, डीजल इंजन, इलेक्ट्रिक मोटर, पंपिंग सेट इत्यादि विभिन्न प्रकार की मशीनों की माँग उत्पन्न हुई। हरित क्रांति के कारण ही भारत में रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों, खरपतवारनाशी आदि की मांग में भी काफी वृद्धि हुई । कुल मिलाकर हरित क्रांति कई विकासशील देशों, विशेष रूप से भारत के लिये एक बड़ी उपलब्धि थी जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक रही। भारत गाँवों का देश(75 प्रतिशत आबादी कृषि आधारित) रहा है और यहाँ की अधिकांश जनता कृषि के साथ जुड़ी हुई है। इसके बावजूद अनेक वर्षों तक यहाँ कृषि से जुड़े लोग भुखमरी के कगार पर अपना जीवन बिताते रहे। स्वामीनाथन ने अपने प्रयोगों से कृषि क्षेत्र को एक नवीन दिशा व दशा प्रदान की। आज भले ही वे हमारे बीच मौजूद नहीं हैं लेकिन देश को अकाल से उबारने और किसानों को मजबूत बनाने वाली नीति बनाने में उन्होंने अहम योगदान निभाया था। बताता चाहूंगा कि उनकी अध्यक्षता में एक आयोग का भी गठन किया गया था जिसमें किसानों की दशा को सुधारने के लिए कई अहम सिफारिशें की गई थीं। स्वामीनाथन को भारत रत्न से नवाजा जाना एक महानतम कृषि वैज्ञानिक का सम्मान है।



## कविता

सत्य की अदृश्य
शक्ति।
अपने पीछे इतिहास
नहीं छोड़ता।
उसे किसी गवाह
या किसी के समर्थन
की शायद जरूरत
नहीं।
हां सत्य का भविष्य
बड़ा उज्जवल है।
चमकते सूर्य की
तरह।
सच अकेले चलता
हुआ
घबराता नहीं,
वह किसी साथी को
तलाशता भी नहीं,
कोई कमी
महसूस नहीं होती,
सूरज की किरणों के
साथ चमकता हुआ,
गहन अंधकार में
छुपता भी नहीं,
कनक की तरह सदैव
कसौटी पर खरा
उतरता है।
एक बार सत्य ने
मुझसे कहा मेरे संग
संग
चार कदम चल कर
देखो,
तुम्हारी आत्मा
परमात्मा
में परिवर्तित हो
जाएगी,
अद्भुत शक्ति, ऊर्जा
और
उत्साह, जीवन में
प्रवाहित हो जाएगा।
फिर किसी नाते,
किसी रिश्ते,
परिजनों की कहीं भी
किन्ही भी
परिस्थितियों में
आवश्यकता न होगी,
तुम किसी के संग
नहीं
पूरा समुदाय
तुम्हारे संग चलेगा।
पूरा ब्रह्मांड
प्रतीक्षा करता है,
कोई तो हो जो
संपूर्ण सत्य को
समाहित,
आत्मसात करें,
अपने छोटे
नश्वर जीवन में,
फिर
कोई चिंता, बेचैनी,
नुकसान का अंदेशा

संजीव

## एक एंकर की मौत

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**एक बहुत ब**ड़े न्यूज चैनल के एंकर की मौत हो गयी। एंकर की मौत बहुतों के लिए ताज्जुब कराने वाली खबर थी। कइयों ने मान लिया था कि यह जिस तरह से मौतों की खबरें दिखाता है, उस हिसाब से इसकी मौत तो नहीं हो सकती। हो न हो अमृत पीकर आया है। अब भाग्य का लिखा और सृष्टि-विनाश के खेल से कौन बच सकता है। सो इसकी भी मौत हो गयी। मीडिया उसके जन्म से लेकर मृत्यु तक की तस्वीरों का कोलॉज बना बाप-बार तारीफों का पुल बाँधते नहीं थक रहा था। कोई कहता झ नए आयाम स्थापित किए हैं तो कोई कहता मील के पत्थर हैं। वैसे एक बात तो माननी होगी जब तक वह जिंदा था तब तक अच्छे-अच्छों की सिट्टी-पिट्टी गुल कर देता था। जिस तरह खबरों की चीड़-फाड़ करता था, उस हिसाब से उसे एंकर नहीं पोस्टमार्टम करने वाला डॉक्टर होना चाहिए था। उसका सामना करना मानो यमराज का सामना करना था। वह क्या है न पुलिस और कोर्ट दोषी को जब सजा दें तब दें, लेकिन मीडिया अपना डंडा और फंदा साथ लेकर चलता है। इनके कोर्ट-कचहरी में फैसला सुनाना चट मंगनी पट ब्याह की तरह होता है। देह के अवसान से गुजरते हुए एंकर साहब चीफ जस्टीस ऑफ यमलोक पहुँचे। वहाँ यमराज भैंसे पर सवार हाथ में यमपाश लिए गंभीर मुद्रा में दिखायी दे। एंकर यह सब देखकर अचंभित रह गया। वह तुरंत बोल उठा झ मुझे पता नहीं आप कौन हैं? लेकिन आप पर एक ब्रेकिंग न्यूज बना सकता हूँ झ जानवरों पर जुल्म करता हैवान। हैशटैग नाशकरो शैतान। अभी मैं यह न्यूज चलाता हूँ देखिए किस तरह मेनका गांधी आपको सलाखों के पीछे करती हैं। यमराज का पारा सातवें आसमान पर चढ़ा और बोले झ बेवकूफ मेनका तो क्या उर्वशी, रंभा भी आ जाएँ तो वे मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकतीं। ज्यादा से ज्यादा दो ठुमके दो मेरी सुरा के गिलास में मधुपेय भरकर जायेंगी। एंकर यह सब सुन थरथराने लगा था। अब पिक्चर क्लियर हो गई थी। सामने साक्षात यमराज और बाएँ चित्रगुप्त अपनी मूँछों पर ताव दे रहे थे। यमराज ने चित्रगुप्त से कहा झ इससे पहले कि और कुछ ब्रेकिंग न्यूज बनाए इसके कर्मों का हिसाब अपने सूपरसेवर डेटाबेस निकालकर इसी की स्टाइल में इसके थोपड़े पर दे मारो। चित्रगुप्त ने अपने सेंसरस्क्रीन इन्फिनिटी अडवांस्ड वाले डेटाबेस टूल से एंकर साहब के काले चिट्ठे निकालते हुए बोले झ महाराज! दिखने में है यह भोला! पल में बदले अपना चोला! कभी किसानों को आतंकी तो कभी अमरूद को बताए गोला! सत्ता के गलियारे में खाता है यह भटूरा-छोला! हरी गुलाबी नोटों से जीपीएस का राज है खोला, लोगों को उल्लू बनाने लेकर निकला है यह झोला। लालच देखकर मन है डोला, यही तो है आस्तिन का सपोला। यमराज एंकर के काले चिट्ठे सुन बोले फेकू बाबा फेंकू बाबा! खबरें झूठ बोले बाबा! जब भी बोले कुछ भी बोले, दूर-दूर की फेंके बाबा! छोटी-छोटी खबरों को, मुर्गमुसल्लम बोले बाबा!

## विचार

# राष्ट्र उत्थान में वैदिक शिक्षा, ज्ञान की अग्रणी भूमिका

संजीव

**भारत में प्रागैतिहासिक** वैदिक तथा सनातनी शिक्षा तथा ज्ञान का स्वरूप बड़ा ही विस्तृत है। भारत को भारतवर्ष भी आदिकाल की सांस्कृतिक शिक्षा और विशाल ज्ञान के भरपूर स्त्रोतों के कारण ही कहा जाता रहा है। भारत के ऋषि, मुनि, गौतम और अनेक संस्कृत के शिक्षकों ने भारत भूमि को न सिर्फ गौरवशाली बनाया बल्कि ऐतिहासिक रूप से इसे विश्व में सर्वोपरि स्थान दिलाया है। भारत के गौरव को और ऊंचा उठाने में स्वामी विवेकानंद जी की शिकागो यात्रा और उन के शक्तिशाली व्याख्यान ने द्विगुणित करने की भूमिका निभाई है।

भारतीय वेदों और संस्कृति ने वैश्विक स्तर पर नए नए आयाम का सृजन किया है' वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है' यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है' जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी' मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है' शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है' शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है'

शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं' शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है' वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है' पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है' यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है' शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है' हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है'

दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है ' राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय है' भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**
**actionindiaddn@gmail.com**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# जल प्रदूषण के छोटे अपराध अब जेल की सजा की श्रेणी से बाहर होंगे

किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया

वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर देश में जल ही जीवन है की विचारधारा को गंभीरता से रेखंकित किया जा रहा है, जो कि न सिर्फ बढ़ते जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से मानवीय जीवन में अनिवार्य संसाधनों को भारी नुकसान पहुंच रहा है बल्कि इन संसाधनों में मानवीय के कारण भी बहुत विपरीत असर पड़ रहा है इसी को ध्यान में रखते हुए हर देश में जल और पर्यावरण सहित प्रकृति के जुड़े हर मसले पर सैकड़ो कानून बने हुए हैं इसके संबंध में भारत में भी जल प्रदूषण की (रोकथाम और नियोजन) अधिनियम 1977 में पर्यावरण के अनेक नियम व नियम कानून बने हैं, परंतु, चूंकि दिनांक 8 फरवरी 2024 को लोकसभा में जल प्रदूषण (निवाकर निराकरण तथा नियंत्रण) संशोधन विधेयक 2024 पर पारित किया गया है जिसे उच्च सदन राज्यसभा ने भी पहले ही 6 फरवरी 2024 को पारित कर लिया था। यह दोनों सदनों में पारित हो चुका है, जो राष्ट्रपति महोदय के हस्ताक्षर के बाद कानून बन जाएंगा। मेरा व्यक्तिगत तौर पर यह मानना है कि इस संशोधित विधेयक से जल प्रदूषण में छोटे अपराधियों को अब जेल की सजा नहीं होगी, उससे बाहर कर दिया गया है सिर्फ जुमार्ना ही लगेगा।इस नई विचारधारा से नागरिक व्यवसाई और कंपनियां जिनकी तकनीकी या प्रक्रियात्मक चक के लिए बिना डर के कारण के काम करेगी जो कि प्रदूषण के खिलाफ संकल्प में बाधा उत्पन्न करने की संभावना को रेखांकित करता है, जिसपर पर्यावरण प्रेमियों की नजर है, अब जरूरत है इसे नियमित करने के लिए एक सख्त नियमावली बनाई जाए ताकि पर्यावरण व जल प्रदूषण के प्रति इनमें डर बना रहे क्योंकि जल संशोधन विधेयक 2024 में जल प्रदूषण के छोटे अपराधों को जेल से मुक्त रखा है। व केवल जुमार्ना किया गया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, जल संशोधन विधेयक 2024 से प्रदूषण के खिलाफ संकल्प कमजोर होने की आशंका को रेखांकित किया करना बहुत जरूरी है।

# नए वक्त की मांग है तकनीकी कंटेंट लेखन

विजय गर्ग

**तकनीक के ब**ढ़ते प्रसार के साथ ही तकनीकी कंटेंट की जरूरत बढ़ी है। यहां तकनीकी कंटेंट से तात्पर्य प्रोडक्ट डेवलपमेंट की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के बारे में बताते डॉक्यूमेंट्स, रिपोर्ट्स, ब्रोशर्स, यूजर मैनुअल से लेकर ब्लॉग्स, रिसर्च पेपर्स तक है। वर्तमान दौर में टेक्निकल कंटेंट राइटर्स के लिए खूब काम बन रहा है। ये लेख लिखे जाने तक लिंक्डइन इंडिया पर टेक्निकल कंटेंट राइटर्स की मांग करते 8000 मौके सामने आए। वहीं स्किल ट्रेनिंग के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म आईआईएम स्किल की मानें, तो टेक्निकल कंटेंट राइटिंग का काम अगले दस सालों में मुख्यधारा के करियर में शामिल हो जाएगा। तकनीकी कंटेंट राइटर में लेखन के उम्दा कौशल और तकनीकी समझ का बढ़िया तालमेल होता है। वे तकनीकी विशेषज्ञों, जैसे इंजीनियर, साइंटिस्ट, आईटी पेशेवर और उपभोक्ता व कम तकनीकी समझ रखने वालों के बीच एक तरह से अनुवादक की भूमिका निभाते हैं। वे बाजार में किसी ब्रांड की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता के निर्माण में अपने लेखन कौशल से अहम योगदान करते हैं।

कितनी तरह का काम

सॉफ्टवेयर डॉक्यूमेंटेशन राइटर ये सॉफ्टवेयर के लिए गाइड, मैनुअल और डॉक्यूमेंटेशन बनाने के विशेषज्ञ होते हैं। तकनीकी कॉपीराइटरः तकनीकी उत्पादों या सेवाओं के लिए बढ़िया और आसान मार्केटिंग और एडवरटाइजिंग सामग्री तैयार करते हैं। एपीआई डॉक्यूमेंटेशन राइटर एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) के लिए स्पष्ट और संक्षिप्त डॉक्यूमेंट बनाने में कुशल होते हैं। ताकि डेवलपर्स अपने प्रोजेक्ट्स में एपीआई को आसानी से सिंक करके उपयोग कर सकें। यूएक्स राइटर किसी डिजिटल प्रोडक्ट को उपयोग के दौरान यूजर के एक्सपीरिएंस को बेहतर बनाने में मदद देने वाला टेक्स्ट लिखते हैं। जैसे किसी वेबसाइट पर बटन लेबलिंग, एरर मैसेज, ऑनबोर्ड मैसेज आदि।

ये रिसर्च के जटिल निष्कर्षो, चिकित्सा प्रक्रियाओं या वैज्ञानिक अवधारणाओं को आसान भाषा में उपभोक्ता तक पहुंचाते हैं। शैक्षिक, लीडरशिप या कंपनी के कार्यक्षेत्र के लिए तकनीक और ट्रेंड्स की बात करते डॉक्यूमेंट्स लिखते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### हर हर महादेव और जय श्रीराम के जयकारों से भक्तिमय हुआ वातावरण



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** शनिवार को भगवान शिव की प्रभातफेरी न्यायपुरी और सेक्टर-12 में पहुंची जहां हर हर महादेव और जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर ढोल की थाप पर झूमते हुए श्रद्धालु पालकी के साथ-साथ चले। आज भी जगह-जगह पालकी का पुष्पवर्षा से स्वागत हुआ। श्रद्धालुओं ने अपने परिवार सहित महादेव का आशीर्वाद लिया। न्यायपुरी में गोल्डी मोगा के निवास से प्रभातफेरी आरंभ हुई। इसके बाद कई स्थानों का भ्रमण करते हुए सेक्टर-12 पहुंची जहां प्रवीन वधवा के निवास पर प्रभातफेरी ने विश्राम लिया। मंच के प्रधान सतपाल मनोचा ने बताया कि महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिव प्रभातफेरी की ओर से यह प्रभातफेरियां निकाली जा रही हैं, जो महाशिवरात्रि तक चलेंगी। प्रतिदिन सुबह प्रभु का गुणगान किया जाता है। इस अवसर पर राजू चुघ, प्रमोद नागपाल, अनिल छाबड़ा, वीना सेठ, योगेश, राजेश चुघ, अशोक सरदाना सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### डोडा पोस्त नशीले पदार्थ को उपलब्ध कराने वाला काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** स्पेशल स्टाफ असंध की टीम ने डोडा पोस्त उपलब्ध कराने वाले आरोपी सुनील पुत्र धर्मपाल वासी भिरानी जिला हनुमानगढ़ राजस्थान को एनडीपीएस एक्ट की धारा 29 के तहत मलिकपुर रोड बाई पास असंध से गिरफ्तार किया गया।



आरोपी से पूछताछ में पाया गया कि वह जल्दी पैसे कमाने के लिए डोडा पोस्त सप्लाई करने का काम करता है। आरोपी के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत एक मुकदमा दर्ज है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

इस मामले में एएसआई रामनिवास की अध्यक्षता में टीम ने 17 फरवरी को बस स्टैंड काछवा से आरोपी प्रिंस पुत्र अवतार सिंह और रजत पुत्र लखविंद्र सिंह वासियान राय फॉर्म काछवा करनाल को कार मार्का हुंडई वर्ना और नशीले पदार्थ सहित काबू कर गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों के कब्जे से गाड़ी से कट्टे से 20 किलो 790 ग्राम डोडा पोस्त बरामद की गई थी। इस संबंध में नामजद आरोपियों के खिलाफ थाना सदर करनाल में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस पूछताछ में पाया गया था कि दोनों आरोपी पिछले लंबे समय से डोडा पोस्त खरीद बेच का काम कर रहे है। जिन्होंने बताया था कि वे राजस्थान से डोडा पोस्त कम दाम में लेकर आते है और यहां लाकर ऊंची कीमत में नशा करने वालो को बेचकर पैसे कमाते है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था।

# 'तालाब हमारी प्राचीन धरोहर और इसे सहेजकर रखना हमारा नैतिक दायित्व'

## तालाब की सफाई का काम जल्द शुरू करवाएं, ताकि जलभराव से ग्रामीणों को कोई परेशानी न हो

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** जिले के गांव गढ़ी बीरबल के ओवरफ्लो तालाब का निरीक्षण करते हुए तालाब व अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य तेजिन्द्र सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उक्त तालाब की सफाई का काम जल्द शुरू करवाएं, ताकि जलभराव से ग्रामीणों को कोई परेशानी न हो।



तेजिन्द्र सिंह तेजी ब्लॉक समिति इन्द्री के वाइस चेयरमैन सुमित मंढान के साथ ग्रामीणों की मांग पर तालाब का निरीक्षण करने पहुंचे। मौके पर मौजूद सरपंच प्रतिनिधी प्रिंस मंढान, जेई पंचायती राज कृष्ण कुमार व ठेकेदार बलजीत सिंह ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया की जल्द ही तालाब पर काम शुरू कर देगेंएअभी तालाब पर जल निकासी हो रही है।

उन्होंने बताया कि सरकार अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत गांवों में तालाबों की दशा सुधारने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। प्रदेश के तालाबों को उनके वास्तविक स्वरूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें घरों से निकलने वाले ग्रे वाटर को वैंटलैंड तकनीक या सींचे वाला तकनीक से उपचारित कर तालाब में इक्ा किया जाएगा, जिसका उपयोग मछली पालन के साथ-साथ सिंचाई में भी किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस तालाब के चारों ओर औषधीय, छायादार व फलदार पौधे लगाने के साथ-साथ लोगों के घूमने के लिए ट्रक बनाया जाता है।

तेजी ने बताया कि प्रदेश के प्रायः मृत पड़े तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा तालाब प्राधिकरण का गठन किया, जिसके तहत प्रदेश के लगभग साढ़े 18 हजार तालाबों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों एवं पंच-सरपंचों सहित अन्य ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने गांवों के तालाबों के आसपास साफ सफाई का उचित प्रबंध रखें, ताकि तालाबों के पानी को गन्दा होने से बचाया जा सकें और इसके साथ-साथ तालाबों की सुन्दरता भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि तालाब हमारी प्राचीन धरोहर है और हमारी संस्कृति का प्रतीक भी माना गया है, इसलिए इसकी देखभाल करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है।

## सूर्य नमस्कार बनाता है शरीर को मजबूत : विपिन ग्रोवर



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** घरौंडा ब्लॉक के शाहजहांपुर गांव के सरकारी प्राइमरी स्कूल में विपिन ग्रोवर व सुमन संधू योग सहायक ने बच्चों को बताया कि सूर्य नमस्कार एक बेहतरीन कार्डियोवस्कुलर वर्कआउट होने के अलावा, सूर्य नमस्कार शरीर और दिमाग पर बेहद सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए भी जाना जाता है। सूर्य नमस्कार चरणों का अभ्यास सुबह खाली पेट सूर्य की तरफ मुख करके करना सबसे अच्छा है। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार 12 योग मुद्राओं से बना हुआ है। आप सूर्य नमस्कार का अभ्यास कैसे करें, इसके कई संस्करण मिल सकते हैं। हालाकि, सलाह दी जाती है कि एक विशेष संस्करण पर कायम रहें और सर्वोत्तम परिणामों के लिए इसका नियमित अभ्यास करें। सूर्य नमस्कार के अनेक फायदे है। इनमें हृदय स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है, तंत्रिका तंत्र को उत्तेजित करता है।

## मेघा भंडारी ने किया नवनिर्मित योग शेड का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** तिकोना पार्क सेक्टर-6 करनाल में नवनिर्मित योग शेड का शुभ मुहूर्त एवं मेरा मिशन स्वस्थ भारत टीम द्वारा योग कक्षा का शुभारंभ पार्षद मेघा भंडारी की अध्यक्षता में किया गया। मेघा भंडारी ने मेरा मिशन स्वस्थ भारत की टीम की सराहना करते हुए कहा की योग्य क्षेत्र में जो अभूतपूर्व कार्य कर रहे हैं, उनके लिए वे बधाई के पात्र है और लगातार 20 वर्षों से लोगों को स्वस्थ और जागरूक कर रहे हैं। योग कक्षा की शुरआत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने सूक्ष्म व्यायाम के साथ की। सेक्टर 6 टीम के योग शिक्षक देवेश भाटिया ने योग आसन का अभ्यास कराया। योग शिक्षको भूपिंद्र अरोड़ा, रीटा अरोड़ा एवम ममता धवन ने भी साधकों को योगाभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि पिछले कई वर्षो से मिशन के योग शिक्षक देवेश भाटिया तिकोना पार्क में योग करवा रहे है। इस अवसर पर मिशन की शिक्षिका वीना सेठ और बरखा जिंदल ने दुप्पटा ओढ़ा कर पार्षद मेघा भंडारी का आभार व्यक्त किया।

## सेना में भर्ती के लिए पंजीकरण 13 फरवरी से 22 मार्च तक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस**

आर्मी भर्ती कार्यालय (मुख्यालय) अंबाला कैंट के आर्मी अधिकारी कर्नल भगवान सिंह बिष्ट ने बताया कि भारत सरकार कि अग्निवीर योजना के तहत हरियाणा के 6 जिलों अम्बाला, कैथल, करनाल, कुरूक्षेत्र, यमुनानगर, पंचकूला और केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के पुरूष अभ्यार्थियों तथा दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल एवं चंडीगढ़ की महिला अभ्यार्थियों के लिए पंजीकरण 13 फरवरी से 22 मार्च तक होगा।

योग्य लाभार्थी वैबसाईट पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह रैली अग्निवीर (सामान्य कत्तव्य), अग्निवीर (तकनीकी), अग्निवीर (लिपिक/स्टोर कीपर तकनीकी) और अग्निवीर (ट्रेडमैन) तथा महिला वर्ग में (महिला मिलिट्री पुलिस) के लिए आयोजित की जाएगी।

## एसीबी ने साढ़े 10 लाख की रिश्वत लेने पर जीएसटी सुपरिटेंडेंट और सीए को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** जीएसटी सुपरिटेंडेंट और सीए को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने साढ़े 10 लाख की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। दोनों ने उद्योगपति से जीएसटी जुमार्ना दबाने के लिए 12 लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी। सीए पंकज खुराना के पास से टीम ने 7 लाख रुपए और केंद्रीय जीएसटी पानीपत ऑफिस में तैनात सुपरिटेंडेंट प्रेमराज मीना की कार से 3.5 लाख रुपए बरामद किए हैं। दोनों को एसीबी ने केस दर्ज करने के बाद बीती शाम गिरफ्तार किया।




करनाल में तैनात एसीबी के इंस्पेक्टर सचिन ने बताया कि दोनों के खिलाफ करनाल एसीबी ऑफिस में केस दर्ज किया गया है। इनके खिलाफ 6 नंबर की एफआइआर में पीसी एक्ट की धारा-7, 7ए और भारतीय दंड संहिता की धारा-120बी, 384 के तहत कार्रवाई की गई है।

इंस्पेक्टर सचिन बताया कि पानीपत के उद्योगपति ने उन्हें शिकायत दी है। शिकायत में बताया था कि जीएसटी सुपरिटेंडेंट और सीए उससे जीएसटी जुर्माना दबाने के लिए रिश्वत मांग रहे हैं। इसके लिए वह उसे लगातार परेशान कर रहे हैं।

## एसपी ने अपराधों की समीक्षा व कानून एवं व्यवस्था के मद्देनजर आयोजित की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जिला पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिले में घटित अपराधों की समीक्षा व कानून एवं व्यवस्था के मद्देनजर आयोजित की गई। इस बैठक के माध्यम से पुलिस अधीक्षक ने जिले में घटित होने वाले विभिन्न प्रवृत्ति के अपराधों की रोकथाम के बारे में विस्तृत चर्चा की। साथ ही इस अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के तमाम पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक, पुलिस चौकी इंचार्ज व स्पेशल यूनिट इंचार्ज को जिला करनाल में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए उचित व प्रभावी कदम उठाने के सख्त निर्देश दिए गए।



पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि जिले में किसी भी प्रवृत्ति का अपराध घटित होने से रोका जाए। अपराध घटित होने की स्थिति में उसे जल्द से जल्द सुलझा कर पीडित व्यक्ति को उचित न्याय दिलाया जाए। पीडित व्यक्ति की शिकायत को ध्यान पूर्वक सुनकर व पढकर नियमानुसार त्वरित व प्रभावी कार्यवाही निर्धारित समय में करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने थाना प्रबंधकों को अपने एरिया में पुलिस की दृश्यता बढ़ाने और रात्रि में ज्यादा से ज्यादा पुलिस गश्त करने के निर्देश दिए गए।

**समीक्षा बैठक**

**8 रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर पूर्णतया रोक लगाने के निर्देश दिए और यातायात नियमों की पालना दृढ़ता से करवाएं**

एसपी द्वारा लंबे समय से पेंडिंग चल रहे मुकदमों का कारण जाना गया और जल्द से जल्द निपटारा करने के सख्त निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी थाना प्रबंधकए इंचार्ज से उनकी समस्याओं के बारे में भी जाना गया और कुछ समस्याओं का निपटारा मौके पर ही किया तथा शेष समस्याओं के निपटारे के लिए संबंधित को निर्देश दिए। सभी थाना, चौंकी और स्पेशल स्टाफ इंचार्ज को साफ. सफाई और खाने पीने आदि सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए । उन्होंने पुलिसकर्मियों को नवीनतम प्रशिक्षण करवाने, अनुसंधान की गुणवत्ता बढ़ाने और मुकदमे में अच्छी पैरवी कर सजा दर बढ़ाने के लिए भी निर्देश दिए। सभी थाना प्रबंधकों को ग्राम प्रहरी से उनके एरिया में नशा करने, नशा बेचने, गुंडागर्दी और छेड़छाड़ करने वालों को चिन्हित करके उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने ऐसी पुलिस कार्यवाही करने के निर्देश दिए, ताकि जिला में अपराधियों में पुलिस के प्रति डर हो और आमजन सहज और सुरक्षित महसूस करे। उन्होंने सभी थाना प्रभारी को अपने एरिया के बैंक्वेट हॉल, रिर्जाट आदि में होने वाली शादी, पार्टियों में रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर पूर्णतया रोक लगाने के निर्देश दिए और यातायात नियमों की पालना दृढ़ता से करवाने के निर्देश दिए गए।

## जन कल्याणकारी योजनाओं का आम जनता को मिल रहा है लाभ : हरविन्द्र कल्याण



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** विधायक हरविन्द्र कल्याण ने केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी की जन कल्याणाकारी योजनाओं का आम जनता को लाभ मिल रहा है। सरकार गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्ति को घर बैठे पारदर्शिता के साथ योजनाओं का फायदा दे रही है और आज बिना खर्ची और बिना पर्ची के सरकार योग्यता के आधार पर युवाओं को सरकारी नौकरी दे रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत की विकसित राष्ट्रों से तुलना की जाती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत के महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। आने वाले 3-4 वर्षों में भारत विश्व की तीसरी महाशक्ति के रूप में सामने आएगा। उन्होंने कहा कि गांव चलो अभियान के तहत कार्यकर्ता ग्रामीणों को सरकार के 10 वर्षों में गरीब,किसान कल्याण, महिला सशक्तीकरण आदि योजनाओं के बारे में अवगत करा रहे है।

विधायक ने कहा कि इस अभियान के जरिए जहां एक तरफ सरकार के काम को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है तो वहीं दूसरी तरफ समाज के अंतिम व्यक्ति की बात को सरकार तक भी पहुंचाना है।

## भाजपा युवा नेता पुनीत राई अभिनंदन प्रस्तावना कमेटी के जिला संयोजक नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/राई**

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई को अभिनंदन प्रस्तावना कमेटी का जिला संयोजक नियुक्त करने पर भाजपा कार्यालय में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, भाजपा युवा नेता निशांत छौक्कर आदि ने बूका देकर स्वागत किया। अभिनंदन प्रस्तावना कमेटी के नवनियुक्त जिला संयोजक पुनीत राई ने कहा कि उन्हें पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसका वे ईमानदारी से निवर्हन करते हुए पार्टी की नीतियों के प्रचार करेंगे। पार्टी से युवाओं को जोड़ने का अभियान चलाएंगे।



## शाखा ने लगाया नि:शुल्क हीमोग्लोबिन जांच शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

भारत विकास परिषद की श्री राधा कृष्ण शाखा की ओर से टैगोर वेलफेयर एसोसिएशन के पार्क नंबर 4 में राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में निशुल्क हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें एसोसिएशन की 60 महिलाओं को लाभ मिला।



शिविर की अध्यक्षता करते हुए शाखा की अध्यक्ष प्रियंका काठपाल ने बताया कि भारत कोकिला सरोजिनी नायडू की जयंती को राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वे स्वतंत्र भारत की पहली महिला राज्यपाल भी रही हैं। महिला परिवार की रीढ़ हैं। महिला स्वस्थ तो परिवार स्वस्थ के उद्देश्य से इस जांच शिविर का प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत भारत विकास परिषद के जिला सह समन्वयक अशोक महेंद्रू और एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह उप्पल, भाजपा महिला मोर्चा की निवर्तमान महामंत्री नीरू सैनी के स्वागत, अभिनंदन के साथ की गई। शाखा के सचिव प्रमोद नागपाल ने अशोक महेंद्रू और कृष्ण लाल काठपाल ने परमजीत उप्पल तथा वीना खुराना व सुशीला काठपाल ने नीरू सैनी को अंग्वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इसके पश्चात अनीता बंसल की रक्त जाँच के साथ शिविर का शुभारंभ किया गया। क्रमानुसार आशा रानी, रोशनी, प्रगति के साथ 60 महिलाओं ने रक्त जांच करवाया। शिविर में शाखा की महिला संयोगिका अनीता सिंह ने महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य परामर्श दिए। प्रकल्प में भाविप की जिला महिला संयोजिका हर्षिता सुखीजा भी शामिल हुई।

## पुलिस टुकडियों ने आपात स्थिति से निपटने व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए किया अभ्यास

### एसपी ने संभावित किसान आंदोलन को लेकर पुलिस टुकडियों को दिए उचित दिशा-निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर के आदेशानुसार एवम पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निर्देशानुसार जिला करनाल में आपात स्थिति से निपटने, कानून व्यवस्था बनाए रखने एवम अपराधों की रोकथाम के लिए तुरन्त कार्यवाही करने हेतू एल्फा, ब्रावो, चार्ली व डेल्टा नाम से विशेष 4 कम्पनियों का गठन किया गया है और प्रत्येक कम्पनी में करीब सौ जवानों को नियुक्त किया गया है। गठित की गई कम्पनियों में नियुक्त किए गए सभी जवानों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी कंपनियां डीएसपी रैंक के अधिकारी के अंतर्गत विशेष अभ्यास कर रही हैं। संभावित किसान आंदोलन को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन की देख-रेख में आज पुलिस लाईन में जवानों को एन्टी रायेंट गन व बड बुलेट के फायर करवाये व टीयर गैस टीम को विशेष परीक्षण देकर सार्ट रेंज व लोंग रेंज सैल से अभ्यास कराया गया और दंगा रोधक उपकरणों से ड्रील करवाई गई। इस विशेष अभ्यास मे ड्रोन कैमरों को भी शामिल किया गया। आज के प्रशिक्षण में स्वेट टीम, कमांडो, वज्रा, वाटर कैनन, टीयर गैस टीम, एल्फा, ब्रावो, चार्ली व डेल्टा नामक विशेष 4 कम्पनियों के पुलिसकर्मियों ने भाग लिया व इस प्रशिक्षण के दौरान पुलिस कर्मचारियों ने गैस गन फायर, टीयर गैस फायर, स्टैनसैल फायर, एन्टी रायेंट गन फायर, रबर बुलेट फायर किए व वज्रा, वाटर कैनन को भी प्रशिक्षण के दौरान शामिल किया गया। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आपात स्थिति में जान-माल की सुरक्षा करना, कानून एवम व्यवस्था बनाए रखने के लिए उचित कार्यवाही करते हुए अराजकता फैलाने, कानून एवम व्यवस्था बिगाडने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही कर जिले में कानून एवम व्यवस्था बनाए रखने के लिए और समय रहते किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए तुरन्त कार्यवाही कर उसे रोकना है।




**अभ्यास**

**8 रोकथाम के लिए तुरन्त कार्यवाही करने हेतू एल्फा, ब्रावो, चार्ली व डेल्टा नाम से विशेष 4 कम्पनियों का गठन किया**

उन्होंने कहा कि संभावित किसान आंदोलन के दौरान जिला करनाल में कानून व्यवस्था को बिगडने नहीं दिया जाएगा। जिला पुलिस द्वारा

## योजनाओं का लाभ लेने के लिए किया प्रेरित

**लाभार्थी**

**8 इस अवसर पर सभी लाभार्थियों ने भाजपा मोदी मनोहर सरकार कि जमकर प्रशंसा की**

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** **गांव चलो अभियान** के तहत वार्ड नंबर-10 व 11 में लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और लोगों का योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।



संयोजक भाजपा रामनगर मंडल महामंत्री प्रमोद नागपाल एवं काछवा सरपंच प्रतिनिधि दीपक कुमार की ओर से डोर टू डोर सार्वजनिक स्थानों, सरकारी स्कूल व मिड-डे मील का खाना चैक करके आंगनबाड़ी व लाभार्थियों के घर-घर जाकर सम्पर्क किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में बिना खर्ची पर्ची कि नौकरियां दी जा रही हैं। भाजपा हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। सरकार ने वर्ग को ध्यान में रखकर अनेकों योजनाएं लागू की हैं, जिससे वर्ग को पूरा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग का ख्याल रखा जा रहा है और देश व प्रदेश में समान विकास हो रहा है। जनता तीसरी बार भी देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने को तैयार है। इस अवसर पर सभी लाभार्थियों ने भाजपा मोदी मनोहर सरकार कि जमकर प्रशंसा की।

## लोग कभी असुरक्षित महसूस करते हैं, MS Dhoni ने लीडर के रूप में सम्मान हासिल करने के महत्व को समझाया

मुंबई।एजेंसी

भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि अपने काम से खिलाड़ियों का सम्मान और निष्ठा अर्जित करना ही नेतृत्व का अहम हिस्सा है।धोनी ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में कहा, निष्ठा का सम्मान से गहरा ताल्लुक है। जब आप ड्रेसिंग रूम की बात करते हो तो जब तक आपको सहयोगी स्टाफ और खिलाड़ियों का सम्मान नहीं मिलेगा तब तक आपके लिए उनकी निष्ठा हासिल करना मुश्किल है।



एमएस धोनी ने आगे कहा, वास्तव में यह दिखाता है कि आप क्या कर रहे हो, ये नहीं कि आप क्या बोल रहे हो। आप भले ही कुछ भी नहीं बोलो, लेकिन आपका आचरण आपको वह सम्मान दिला सकता है।धोनी ने साथ ही कहा, हमेशा लगता था कि एक नेतृत्वकर्ता के रूप में सम्मान अर्जित करना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह कुर्सी या पद के साथ नहीं आता है। यह आपके आचरण से आता है। कई बार लोग असुरक्षित होते हैं। कभी-कभी भले ही टीम आप पर विश्वास करती हो, लेकिन वास्तव में आप ही पहले व्यक्ति हो जो खुद पर विश्वास नहीं करोगे।

## इंग्लैंड के खिलाफ बचे तीन टेस्ट के लिए भारतीय स्क्वॉड का हुआ ऐलान, कोहली को लेकर बीसीसीआई ने दिया अपडेट

नई दिल्ली.एजेंसी

टीम इंडिया के हरफनमौला रविंद्र जडेजा के पिता का एक इंटरव्यू हलभारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने शनिवार 10 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ बचे तीन टेस्ट के लिए स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। विराट कोहली का चयन इन तीन टेस्ट मैचों के लिए नहीं किया गया है। बीसीसीआई ने जानकारी दी है कि विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों के चलते सीरीज के बचे मुकाबलों के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। बोर्ड कोहली के फैसले का पूरा सम्मान और समर्थन करता है। विराट कोहली के करियर में ऐसा पहली बार होगा जब वह कोई घरेलू सीरीज नहीं खेलेंगे।

इसके अलावा स्क्वॉड में चोटिल केएल राहुल और रविंद्र जडेजा को भी रखा गया है। बीसीसीआई के अनुसार इन दोनों खिलाड़ियों का प्लेइंग इलेवन में चयन फिटनेस के आधार पर होगा। बीसीसीआई मेडिकल



टीम द्वारा फिटनेस मंजूरी मिलने के बाद ही केएल राहुल और रविंद्र जडेजा का चयन किया जाएगा।वहीं श्रेयस अय्यर का नाम भी इस स्क्वॉड में नहीं है। विशाखापट्टनम में खेले गए दूसरे टेस्ट के बाद अय्यर को कमर में अकड़न और ग्रोइन एरिया में दर्द की शिकायत थी। इस वजह से वह इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बचे मुकाबलों से बाहर हो गए हैं।भारतीय स्क्वॉड में तेज गेंदबाज आकाश दीप को पहली बार चुना गया है। वह स्क्वॉड में आवेश खान की जगह आए हैं। आकाश दीप ने हाल ही में इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ शानदार गेंदबाजी कर चयनकर्ताओं समेत कप्तान को प्रभावित किया था।

# कौन हैं Akash Deep? बंगाल के तेज गेंदबाज की खुली किस्मत

## पहली बार आया टीम इंडिया से बुलावा

बीसीसीआई ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ शेष तीन टेस्ट के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश दीप को पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। आकाश दीप ने घरेलू क्रिकेट में अपने प्रदर्शन से काफी प्रभावित किया जिसके कारण उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह मिली। भारत और इं?लैंड के बीच तीसरा टेस्ट 15 फरवरी से राजकोट में शुरू होगा।

नई दिल्ली.एजेंसी

बीसीसीआई ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ शेष तीन टेस्ट के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। चयनकर्ता समिति ने कुछ दिन इंतजार किया ताकि केएल राहुल और रविंद्र जडेजा की फिटनेस पर स्पष्टीकरण मिले और यही वजह रही कि टीम की घोषणा करने में देरी हुई। हालांकि, बीसीसीआई ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धता फिटनेस पर आधारित होगी।

इस बीच बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश दीप की लॉटरी लगी, जिन्हें पहली बार भारतीय टीम में मौका मिला। चयनकर्ता समिति ने आवेश खान की जगह आकाशदीप को शामिल किया है। वैसे, आकाश दीप को पहले सीमित ओवर स्क्वाड में भारतीय टीम में जगह मिल चुकी है। उन्हें पहले एशियन गेम्स और दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सीमित ओवर टीम में जगह मिली थी।



**भारत ए के लिए किया दमदार प्रदर्शन**

बंगाल के 27 साल के तेज गेंदबाज ने हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के लिए दमदार प्रदर्शन करके टीम प्रबंधन को प्रभावित किया था। आकाश दीप भारत ए की तरफ से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने तीन मैचों में 13 विकेट झटके।

**आरसीबी के कप्तान बेहद प्रभावित**

आकाश दीप को आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 2022 में उनकी बेस प्राइस 20 लाख रुपये में खरीदा था। आकाश दीप ने अब तक 7 आईपीएल मैच खेले, जिसमें 6 विकेट लिए। आईपीएल में बेशक आकाश दीप को खुद को साबित करना है, लेकिन भारतीय टीम में बुलावे से निश्चित ही उनका विश्वास काफी बढ़ेगा।

अपने पहले सीजन में आकाश दीप ने कप्तान फाफ डु प्लेसिस को भी काफी प्रभावित किया।डु प्लेसिस ने आरसीबी के वीडियो में कहा था, दिनेश कार्तिक शानदार है, लेकिन मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित आकाश दीप ने किया। वो नई गेंद से शानदार प्रदर्शन करते रहे हैं और बहुत ही अच्छी लेंथ पर गेंदबाजी की। मैं उनकी गति से भी हैरान हूं। हमें देखकर अच्छा लगा कि युवा गेंदबाज आगे आ रहा है और दमदार प्रदर्शन करके दिखाएगा।

**आकाश दीप का करियर**

आकाश दीप ने अपना फर्स्ट क्लास डेब्यू 2019 में किया और अब तक 29 मैचों में 103 विकेट चटकाए। वो बंगाल के लिए निरंतर बेहतर प्रदर्शन करते रहे हैं। वैसे, निचले क्रम में आकाश दीप ने अपने लंबे-लंबे शॉट्स से भी फैंस का दिल जीता है। वो फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 32 छक्के और 27 चौके जमा चुके हैं।

## हार कर भी इतिहास रच गया अफगानिस्तान, मोहम्मद नबी और अजमतुल्लाह उमरजई की परफॉर्मेंस बनीं यादगार



नई दिल्ली.एजेंसी

शुक्रवार की शाम अफगानिस्तान के नाम नहीं रही, मगर उनके खिलाड़ियों ने अपनी परफॉर्मेंस से करोड़ों फैंस का दिल जीता। पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार, 9 फरवरी को श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच तीन मैच की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला खेला गया। इस मैच में दोनों टीमों ने रनों का अंबार लगाया। श्रीलंका ने पहले बैटिंग करते हुए पथुम निसांका के दोहरे शतक के दम पर 381 रन ठोक डाले तो, वहीं अफगानिस्तान ने इस स्कोर का पीछा करते हुए मोहम्मद नबी और अजमतुल्लाह उमरजई की सेंचुरी की बदौलत 6 विकेट के नुकसान पर 339 रन बोर्ड पर लगा दिए। अफगानिस्तान यह मैच तो 42 रनों से हार गया, मगर उन्होंने इतिहास जरूर रच दिया।

श्रीलंका से मिले 382 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय ऐसा था जब मेहमानों की आधी टीम महज 55 के स्कोर पर पवेलियन लौट गई थी। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी समेत अफगानिस्तान के टॉप ऑर्डर ने 8.3 ओवर में ही श्रीलंका के आगे घुटने टेक दिए थे, मगर तब मोहम्मद नबी और अजमतुल्लाह उमरजई ने क्रीज पर ऐसा खूंटा गाड़ा कि श्रीलंकाई खिलाड़ियों की सांसें बढ़ गईं।मोहम्मद नबी और अजमतुल्लाह उमरजई- दोनों बल्लेबाजों ने शतक जड़ते हुए 6ठें विकेट के लिए डबल सेंचुरी पार्टनरशिप कर टीम को इतने बड़े स्कोर तक पहुंचाया। मोहम्मद नबी ने 130 गेंदों पर 15 चौकों और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 136 रन बनाए, वहीं 23 वर्षीय अजमतुल्लाह उमरजई के बल्ले से 115 गेंदों पर 13 चौकों और 6 गगनचुंबी छक्कों के साथ 149 रन निकले।

## कप्तानी को लेकर एमएस धोनी ने दिया ये गुरुमंत्र, आएगा रोहित शर्मा समेत सभी कप्तानों के काम

नई दिल्ली.एजेंसी

महेंद्र सिंह धोनी की गिनती भारत के ही नहीं बल्कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में की जाती है, उनकी अगुवाई में भारत ने 3-3 आईसीसी ट्रॉफी जीती है। धोनी टी20 वर्ल्ड कप और वनडे वर्ल्ड कप के साथ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाले दुनिया के एकमात्र कप्तान हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट के अलावा धोनी की लीडरशिप को आईपीएल में भी खूब पसंद किया जाता है। उनकी अगुवाई में चेन्नई सुपर किंग्स



रिकॉर्ड 5 खिताब जीत चुकी है। ऐसे में धोनी जब भी कप्तानी को लेकर गुरुमंत्र देते हैं तो बाकी कप्तान बड़े ही ध्यान से उनकी बात सुनते हैं। माही ने हाल ही में एक इवेंट में लीडरशिप को लेकर बड़ी ही अच्छी बात कही है। अगर उनकी कही ये बात कोई भी कप्तान मानता है तो वह अपनी टीम को आपार सफलता दिला सकता है।

धोनी ने सिंगल आईडी कंपनी के एक प्रोग्राम में कहा, प्लेयर्स की रिस्पेक्ट आपकी पोजीशन से नहीं, बल्कि एक्शन से आती है। सम्मान पाने की कोशिश न करें बल्कि इसे अर्जित करें, क्योंकि यह बहुत स्वाभाविक है। एक बार आपमें वह निष्ठा आ गई तो टीम का प्रदर्शन भी वैसा ही होगा।

## विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर, स्क्वॉड में होंगे ये बदलाव

नई दिल्ली.एजेंसी

भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ जारी 5 मैच की टेस्ट सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया है। किंग कोहली का चयन सीरीज के पहले दो मैच के लिए हुआ था, मगर निजी कारणों के चलते उन्होंने अपना नाम वापस लिया था। उम्मीद जताई जा रही थी कि तीसरे टेस्ट से वह सीरीज में वापसी करेंगे, मगर उन्होंने समान कारणों के चलते सीरीज से अपना नाम वापस लेने का फैसला किया है। विराट कोहली के करियर में यह पहला मौका होगा जब वह किसी घरेलू सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे।



द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और वरिष्ठ राष्ट्रीय चयन समिति को सूचित किया है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के शेष तीन टेस्ट से हट रहे हैं। कोहली ने शुक्रवार को बीसीसीआई को अपनी उपलब्धता के बारे में सूचित किया है, जिस दिन चयनकर्ताओं ने राजकोट, रांची और धर्मशाला में टेस्ट के लिए टीम तय करने के लिए एक ऑनलाइन बैठक की थी।

इसके अलावा भारतीय स्क्वॉड में एक बदलाव होने की खबर है, आवेश खान की जगह स्क्वॉड में आकाश दीप को जगह मिल सकती है।

कुछ दिन पहले अहमदाबाद में अनौपचारिक टेस्ट मैच के दौरान आकाश ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ जिस तरह से गेंदबाजी की, उससे चयन समिति और भारतीय कप्तान रोहित प्रभावित हुए। इस वजह से वह इस युवा खिलाड़ी को मौका देना चाहते हैं। ऐसे में आवेश खान को ड्रॉप किया जा सकता है और वह फिर से रणजी खेलने जाएंगे।

इसके अलावा खबर है कि रविंद्र जडेजा और केएल राहुल- जिन्होंने चोट के चलते विशाखापट्टनम टेस्ट मैच मिस किया था वह फिट हो गए हैं और वह तीसरे टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## सिकंदर रजा आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर बने हीरो, जिताई हारी हुई बाजी; ILT20 में पार हुई रोमांच की हदें

आखिरी गेंद पर स्ट्राइक पर सिकंदर रजा थे और टीम को 6 रनों की दरकार थी। अली नसीर ने स्लोअर गेंद डालकर रजा को चकमा देना चाहा, मगर जिम्बाब्वे के खिलाड़ी ने उस पर लॉन्ग ऑफ के ऊपर से छक्का जड़ दिया।





नई दिल्ली.एजेंसी

सिकंदर रजा शुक्रवार की रात ILT20 में उस समय हीरो बने जब उन्होंने अपनी टीम दुबई कैपिटल्स को आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर महत्वपूर्ण जीत दिलाई। यह मैच दुबई कैपिटल्स के लिए जीतना काफी जरूरी था, अगर टीम यह मैच हार जीती तो वह प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो जाती। मगर सिकंदर की रजा कुछ और ही थी, 172 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए जब टीम को आखिरी गेंद पर 6 रन की जरूरत थी तो उन्होंने छक्के के साथ टीम को सांसे रोक देने वाले मैच में जीत दिलाई। सिकंदर रजा ने इस मैच में 60 रनों की नाबाद पारी के खेली और उन्हें इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया।

दुबई कैपिटल्स को आखिरी ओवर में 13 रनों की दरकार थी। अली नसीर की पहली पांच गेंदों पर टीम ने 7 रन बटोर लिए थे जिसमें दो डॉट गेंदें भी थी। आखिरी गेंद पर स्ट्राइक पर सिकंदर रजा थे और टीम को पूरे 6 रनों की दरकार थी। अली नसीर ने स्लोअर गेंद डालकर रजा को चकमा देना चाहा, मगर जिम्बाब्वे के इस खिलाड़ी ने गेंद को पढ़ा और लॉन्ग ऑफ के ऊपर से छक्का जड़ दिया।

डेजर्ट वाइपर ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज ऐलेक्स हेल्स के अर्धशतक के दम पर निर्धारित 20 ओवर में 171 रन बोर्ड पर लगाए थे। हेल्स ने 37 गेंदों पर चार चौकों और 6 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 66 रनों की पारी खेली थी। उनके अलावा डेजर्ट वाइपर का कोई भी बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा नहीं छू पाया।इस स्कोर का पीछा करने उतरी दुबई कैपिटल्स की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। पावरप्ले में टीम ने टॉप-3 बल्लेबाजों को खो दिया था। हालांकि इसके बाद कप्तान सैम बिलिंग्स (57) ने सिकंदर रजा (60) के साथ मिलकर टीम को संभाला और जीत की राह दिखाई। 111 के स्कोर पर बिलिंग्स आउट हो गए थे, जब टीम को 35 गेंदों पर 61 रनों की दरकार थी।सिकंदर रजा अंत तक क्रीज पर बने रहे और 45 गेंदों पर 5 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 60 रनों की नाबाद पारी खेल टीम को जीत दिलाई।

## अपना ही रिकॉर्ड टूटता देख खुश हुए जयसूर्या, Pathum Nissanka के दोहरे शतक पर कही यह बड़ी बात

जयसूर्या ने 2000 में शारजाह में भारत के खिलाफ 189 रन की पारी खेली थी। जो श्रीलंका के किसी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर था। जयसूर्या ने अपना रिकॉर्ड तोड़ टूटने पर निसांका की प्रशंसा की। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के लिए चौका लगाया और जयसूर्या सहित पूरी भीड़ ने इस शानदार पारी की सराहना की।



नई दिल्ली.एजेंसी

नई दिल्ली। श्रीलंका के पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या ने वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले देश के पहले खिलाड़ी बनने के लिए सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका की सराहना की। जयसूर्या ने कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मैंने इसे स्टेडियम में बैठकर लाइव देखा। निसांका ने वनडे में लंका के लिए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर के अपने 24 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

दरअसल, जयसूर्या ने 2000 में शारजाह में भारत के खिलाफ 189 रन की पारी खेली थी। जो श्रीलंका के किसी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर था। जयसूर्या ने अपना रिकॉर्ड तोड़ टूटने पर निसांका की प्रशंसा की। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के लिए चौका लगाया और जयसूर्या सहित पूरी भीड़ ने इस शानदार पारी की सराहना की।

**जयसूर्या ने की तारीफ**

जयसूर्या ने एक्स पर लिखा, बल्लेबाजी में मास्टरक्लास के लिए पथुम को बधाई। मैं इसे व्यक्तिगत रूप से इसे लाइव देने का गवाह बनने के लिए बहुत भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं।

**जड़ा तीसरा सबसे तेज दोहरा शतक**

बता दें कि पल्लेकेले स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ पथुम निसांका ने 139 गेंद पर 151.08 के स्ट्राइक रेट से 8 छक्कों और 20 चौकों की मदद से नाबाद 210 रन बनाए।

यह तीसरा सबसे तेज दोहरा शतक है। इससे पहले ईशान किशन और ग्लेन मैक्सवेल सबसे तेज दोहरा शतक जड़ चुके हैं। पथुम निसांका वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले 10वें बल्लेबाज बन गए हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



आदर्श रसोई सप्ताह 45वां

# बैग वितरण समारोह कर मनायी गई श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी की जन्म जयंती

## राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई ने मनायी जन्म जयंती, आदर्श रसोई के संस्थापक सुरेंद्र चोपड़ा के सौजन्य से हुआ बैग वितरण
























**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी '**राकेश भारद्वाज चौक**' पर आदर्श रसोई और एक्शन इंडिया मीडिया समूह के संस्थापक श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी की 63वीं जन्म जयंती धूमधाम से मनायी गई। इस दौरान अन्न वितरण के साथ साथ लगभग 500 बैग भी वितरित किए गए।

### 500 बैग का किया गया वितरण

इस बार आदर्श रसोई की नींव रखने वाले श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी की जन्म जयंती मनाई गई। इस मौके पर श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी को याद कर सभी की आंखें नम हो गई। पुष्पांजलि के बाद अन्न वितरण किया गया। साथ ही आदर्श रसोई के माध्यम से जरूरतमंदों के बीच 500 बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से रवि भारद्वाज ने रिबन काटकर किया। इसके उपरांत श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। ।

### आदर्श रसोई है हमारा दूसरा परिवार : रवि भारद्वाज

मेरे प्रेरणास्त्रोत और मेरे पिता श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी की आज 63वीं जन्म जयंती है। आज वो हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके द्वारा बनाया गया आदर्श रसोई रूपी ये परिवार बहुत मजबूत है।सभी एकजुटता के साथ इस रसोई के माध्यम से धर्मार्थ का कार्य कर रहे हैं। सुरेंद्र चोपड़ा जी और मेरे पिता जी ने इस रसोई की नींव रखी थी जो आज एक वटवृक्ष का रूप ले



चुका है।

### श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के दिखाए हुए पदचिन्हों पर चल रही आदर्श रसोई : सुरेंद्र चोपड़ा

आदर्श रसोई के संस्थापक और प्रधान सुरेंद्र चोपड़ा ने कहा कि अपने बारे में तो एक जानवर भी सोच लेता है लेकिन जो समाज के लिए कार्य करता है वही मानवता कहलाती है। कुछ ऐसी सोच के व्यक्ति थे राकेश भारद्वाज जी। श्री चोपड़ा ने कहा कि आज मेरे अजीज साथी की जयंती है, आज राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके दिखाए हुए मार्ग हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है।

मुझे खुशी है कि मैं भी पुण्य के कार्य में एक सहभागी हूँ। यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने आदर्श रसोई को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत की है।

आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक रूप से मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है।

### राकेश भारद्वाज जी हम सबके लिए प्रेरणास्रोत : मोहन गर्ग

इस विशेष मौके पर चेयरमैन मोहन गर्ग ने कहा कि आज मेरे बड़े भाई श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी की जन्म जयंती है। आदर्श रसोई में आकर मुझे एक आत्मिक शांति मिलती है। एक सुकून का एहसास होता है। ऐसा लगता है कि भारद्वाज जी आज भी हमारे साथ हैं। जैसे हम पहले इस रसोई में एक साथ अन्न वितरण करते थे, वैसे ही अब भी कर रहे हो।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने इस मौके पर 500 से अधिक बैग का वितरण किया। इसके अलावा हर बार की तरह लजीज व्यंजनों से सजी थाली सभी को परोसी गई। आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया














